दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 218 | जयपुर | गुरुवार , 12 जून, 2025 | आषाढ़ कृष्ण प्रतिपदा संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर में दोबारा सिटी-बसों को शुरू करने की तैयारी

जयपुर। जयपुर में एक बार फिर सिटी बसों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने की कोशिशें शुरू हो गई हैं। सार्वजनिक परिवहन को दोबारा सक्रिय और प्रभावी बनाने के लिए आरटीओ प्रथम कार्यालय की ओर से 20 जून को एक अहम बैठक बुलाई गई है। बैठक में रूट संख्या 1 से लेकर 43 तक की सिटी बसों के सभी ऑपरेटर्स और बस यूनियन पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। यह बैठक परिवहन विभाग के आरटीओ प्रथम कार्यालय, झालाना में आयोजित की जाएगी। इसमें यह तय किया जाएगा कि कैसे शहर में सिटी बसें दोबारा नियमित रूप से और सही रूटों पर चलाई जा सकें। जयपुर में पिछले कुछ सालों से पब्लिक ट्रांसपोर्ट का संचालन बुरी तरह प्रभावित रहा है, खासकर सिटी बसों का नेटवर्क लगातार कमजोर होता गया है।आरटीओ अधिकारियों के मुताबिक शहर में ई-रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ने से सिटी बसों की संचालन व्यवस्था गड़बड़ा गई है। कई रूटों पर बसें चलनी बंद हो गईं या बहुत कम संख्या में चल रही हैं। ऐसे में अब दोबारा सभी ऑपरेटर्स और यूनियन पदाधिकारियों से बातचीत कर इस व्यवस्था को सुधारने की योजना बनाई जा रही है।

### ससुर के सामने 2 दामाद की गई जान:खान ढहने से मलबे में दबने से हुई मौत

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा के हनुमान नगर थाना इलाके के सहलाई गांव में अवैध खदान ढहने से 2 युवक मलबे में दब गए थे। दोनों श्रमिकों की बॉडी को देर रात रेस्क्यू टीम ने निकाल ली। पहले रात करीब 9 बजे एक मजदूर का शव बाहर निकल गया। इसके करीब आधे घंटे बाद में दूसरे लेबर के शव को टीम ने खोज निकाला।देर रात दोनों दोनों बॉडी को देवली अस्पताल की मॉर्च्युरी में भिजवाया, जहां आज उनका पोस्टमॉर्टम किया जाना था, लेकिन परिजन और ग्रामीणों ने उचित मुआवजे की मांग को लेकर बॉडी लेने से इनकार कर दिया। दोनों परिवारों द्वारा उचित मुआवजे की मांग को लेकर मॉर्च्युरी के बाहर प्रदर्शन किया जा रहा है। भीलवाड़ा के हनुमान नगर थाना इलाके के सहलाई गांव में अवैध खदान ढहने से 2 युवक मलबे में दब गए, जिनका 8 घंटे के रेस्क्यू के बाद शव निकाला गया।खनन हादसे के शिकार दोनों युवक किशन (35) पिता रामनाथ जोगी निवासी उंदरों का खेड़ा थाना बिजौलिया और मुकेश (25) पिता राम जोगी निवासी नेकेड थाना शकरगढ़ के शव आधा घंटे के अंतराल पर मिले, लेकिन घटना के 8 घंटे बाद शव बरामद हो सके। सबसे पहले खान में दबे मुकेश कुमार जोगी का शव मंगलवार रात 9 बजे मिला। इसके करीब आधा घंटे बाद किशन कुमार का भी शव मिला।प्रत्यक्षदर्शी राजू जोगी ने बताया कि मेरी दोनों बेटियों के पति के साथ मैं यहां पर मजदूरी कर रहा था। इसी दौरान मैं किसी काम से गांव में दुकान चला गया। जब मैं वापस लौटा तो मुझे खान में मिट्टी धंसी हुई मिली और मेरे दोनों दामाद कहीं नहीं दिखाई दिए।

# 19 दिन के लिए डीजीपी बने रवि प्रकाश

## बोले- सरकार ने मुझे जन्मदिन का तोहफा दिया, साथियों के साथ मीटिंग करूंगा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस मुखिया के पद पर बुधवार को एसीबी डीजी डॉ. रवि प्रकाश ने जॉइन किया है। इसे लेकर उन्हें पुलिस मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।कार्यवाहक डीजीपी रवि प्रकाश ने मीडिया के मुखातिब होते हुए कहा कि मेरे पास डीजीपी का चार्ज आज मैंने लिया है। मेरा रिटायमेंट 30 जून को है 19 दिन मेरे पास हैं। मैं प्रयास करूंगा कि इन 19 दिनों में जो संभव हो सकेगा वो काम करूंगा। राजस्थान पुलिस की स्थिति बहुत अच्छी चल रही है। क्राइम और लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति प्रदेश में अच्छी है। यह स्थिति कायम रहे यही मेरा प्रयास रहेगा। राजस्थान पुलिस के हर अधिकारी और कार्मिकों को अपराधियों में डर और आमजन में विश्वास के स्लोगन को हमेशा याद रखना चाहिए।

वे बोले- मुझे ने कम समय के लिए ही सही मुझे यह जिम्मेदार दी इसके लिए मैं सरकार का आभारी हूं। मेरा जन्म दिन 13 जून को है सरकार ने मुझे जन्मदिन से पहले यह तोहफा दिया। आज में अपने साथियों के साथ एक छोटी मीटिंग करने वाला हूं। इसमें उनसे थोड़ा अपडेट लूंगा क्योंकि मैं पिछले एक साल से मैं दूसरा काम देख रहा था। बहुत की चीजें है, जो डीजीपी को पता होनी चाहिए अपडेट लूंगा।

### यूआर साहू को बनाया था आरपीएससी अध्यक्ष

गौरतलब है कि राजस्थान के डीजीपी उत्कल रंजन (यूआर) साहू को राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) का अध्यक्ष बनाया गया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने इसका आदेश जारी कर दिया था। साहू की जगह डीजी एसीबी रवि प्रकाश मेहरड़ा को डीजीपी का अतिरिक्त चार्ज दे दिया गया है। ओडिशा के रहने वाले यूआर साहू 1988 बैच के IPS अधिकारी हैं।

# सोनम समेत 5 आरोपियों को 8 दिन की पुलिस रिमांड

## राजा रघुवंशी की मां से गले मिलकर रोया सोनम का भाई, कहा-हमने उससे सारे रिश्ते तोड़े

**इंदौर।** इंदौर में राजा की मां से मिला सोनम का भाई। दोनों फूट-फूटकर रोए। उधर, शिलॉन्ग पुलिस सोनम समेत सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 8 दिन की रिमांड पर लिया है। मेघालय पुलिस ने राजा मर्डर केस में मंगलवार को सोनम और राज समेत 5 आरोपियों गिरफ्तार किया था। इन्हें शिलॉन्ग लाया गया है। सभी आरोपियों को आज (11 जून) कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से इनकी रिमांड मांगी। जिसके बाद कोर्ट ने सोनम समेत सभी आरोपियों को 8 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है। रिमांड पर लेने के बाद मेघालय पुलिस आरोपियों का आमना-सामना करा सकती है। साथ ही सीन रीक्रिएशन भी कराएगी।इधर, सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद ने बुधवार को इंदौर में राजा रघुवंशी की मां उमा रघुवंशी से मुलाकात की। गोविंद राजा की मां के गले लगकर रोया और कहा कि सोनम ने गलती की, उसे सजा-ए-मौत होनी चाहिए।गोविंद ने कहा कि आरोपी राज कुशवाह और सोनम के बीच अफेयर नहीं था। वह राज को राखी बांधती थी। राजा के हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए।11 मई को शादी के बाद 21 मई को राजा-सोनम शिलॉन्ग पहुंचे थे। 23 मई को परिवार से आखिरी बात की। 2 जून को राजा का शव मिला। 17 दिन से गायब सोनम 9 जून को गाजीपुर में मिली थी। इसके बाद ही हत्याकांड का खुलासा हुआ।



### शिलॉन्ग पुलिस के दावे

1. शिलॉन्ग एसपी विवेक स्येम ने कहा, राज के साथी तीनों सुपारी किलर्स ने कबूला है कि सोनम 22 मई को शिलॉन्ग पहुंच गई थी। राजा को मारने का प्लान-ए इसी दिन का था। इसके लिए सोनम ने तय किया था कि वह राजा को पहा? पर ले जाएगी।
2. शिलॉन्ग पुलिस ने दावा किया कि तीनों किलर्स भी वहां मौजूद होंगे। इसी बीच सेल्फी लेने के बहाने वो राजा को खाई में धक्का दे देगी।

### अब सेमी-डीलक्स बसों में भी पुलिसकर्मी कर सकेंगे फ्री यात्रा

#### ACB और जेल विभाग के कर्मचारियों को मिलेगा फायदा

**जयपुर।** जयपुर में पुलिसकर्मियों के लिए राहत भरी खबर आई है। राजस्थान रोडवेज ने सेमी डीलक्स बसों में भी पुलिस कॉन्स्टेबल से लेकर निरीक्षक स्तर तक के कर्मचारियों को फ्री यात्रा की सुविधा देने का निर्णय लिया है। अब तक यह सुविधा केवल एक्सप्रेस श्रेणी की बसों तक सीमित थी। नया आदेश 11 जून 2025 बुधवार को रोडवेज मुख्यालय से जारी किया गया। रोडवेज की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सेमी डीलक्स बसों में सफर की यह फ्री सुविधा पुलिस, जेल और एसीबी विभाग के उन कर्मचारियों को दी जाएगी जो कॉन्स्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर स्तर तक की रैंक में हैं। उन्हें यह सुविधा मासिक अंशदान राशि की सीमा और तय शर्तों के अनुसार मिलेगी। यात्रा के लिए नया आरएफआईडी कार्ड बनवाना जरूरी होगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारी की होगी। यह सुविधा पहले से चल रही सामान्य और एक्सप्रेस बसों की तर्ज पर ही लागू की गई है।



#### मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा, अब जारी हुआ आदेश

यह फैसला राजस्थान पुलिस दिवस पर मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद लिया गया है। रोडवेज प्रबंधन ने इसे लागू करते हुए पुलिस विभाग के साथ-साथ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और जेल विभाग के कर्मचारियों को भी इस सुविधा में शामिल किया है। इसके लिए शर्त यह होगी कि संबंधित कर्मचारी का आरएफआईडी कार्ड बना होना चाहिए।

#### फिलहाल अस्थायी आदेश, बोर्ड अनुमोदन के बाद होगा स्थायी

यह आदेश फिलहाल रोडवेज संचालक मंडल की मंजूरी की प्रतीक्षा में अंतरिम रूप से लागू किया गया है। अनुमोदन मिलने के बाद इसे स्थायी रूप से लागू कर दिया जाएगा।

# हॉस्पिटल में डॉक्टर दो टाइम करेंगे विजिट

## एसएमएस मेडिकल कॉलेज से जुड़े हॉस्पिटल में बदलाव दो बार मरीजों को देखेंगे सीनियर डॉक्टर

बढ़ता राजस्थान



जयपुर। एसएमएस मेडिकल कॉलेज से जुड़े सभी हॉस्पिटलों में अब सीनियर डॉक्टर सुबह के अलावा शाम को भी वार्डों का दौरा करेंगे। इससे उन मरीजों को राहत मिलेगी जो दोपहर 2 या 3 बजे बाद इमरजेंसी में आकर भर्ती होते है। ऐसे मरीजों की अक्सर शिकायत रहती है कि भर्ती होने के 10 घंटे तक भी कोई डॉक्टर उन्हें देखने नहीं आता। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर दीपक माहेश्वरी ने हाल ही में सभी विभागों के प्रमुखों की बैठक कर उनको अपने-अपने विभागों की तमाम यूनिट्स में शाम के समय विजिट करने के लिए डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। वर्तमान में एसएमएस मेडिकल कॉलेजों से अटैच हॉस्पिटल में सीनियर डॉक्टर्स (असिस्टेंट, एसोसिएट, प्रोफेसर या सीनियर प्रोफेसर) केवल सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक के बीच ही वार्ड में विजिट करते है ।

### आनंदपाल गैंग से जुड़े हथियार तस्कर से मिली एके-47

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में अवैध हथियारों की तस्करी को लेकर लगातार खुलाते हो रहे है। राजस्थान पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने कुख्यात बदमाश जितेंद्र उर्फ जीतू चंबल और तेजपाल ठाकुर को गिरफ्तार किया था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एके-47, मैगजीन और 34 जिंदा कारतूस भी बरामद किए है। यह हथियार गांव जोड़ी के एक खेत में पॉलीथिन में लपेटकर दबाया गया था। तस्करों ने बताया कि एके-47 को कोड वर्ड में रानी कहकर बुलाते थे।एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स इंचार्ज दिनेश एमएन ने बताया कि एजीटीएफ ने धौलपुर के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के बसई घीयाराम गांव में कार्रवाई को अंजाम दे दो।




# प्रदेश में आज गर्मी का रेड अलर्ट

## श्रीगंगानगर में सीजन का सबसे गर्म दिन, चार दिन बाद 25 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भीषण गर्मी से परेशान लोगों के लिए राहत की खबर है। 15 जून से एक वेदर सिस्टम एक्टिव हो सकता है, जिसके असर से जयपुर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग के 25 जिलों में आंधी-बारिश हो सकती है। इससे लोगों को तेज गर्मी और लू से राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं बुधवार को बाड़मेर और जैसलमेर से ज्यादा गर्मी जयपुर में रही। वहीं श्रीगंगानगर में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां बुधवार का तापमान 48 डिग्री दर्ज किया गया।हालांकि लोगों को 13 जून तक तेज गर्मी और सीवियर हीटवेव झेलनी पड़ेगी। मौसम विभाग ने 12 और 13 जून को बीकानेर संभाग में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनूं, जैसलमेर, बाड़मेर के एरिया में हीटवेव चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### गंगानगर में पारा 48 डिग्री पर पहुंचा

राजस्थान के गंगानगर में बुधवार को तापमान 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो गंगानगर में साल 2019 के बाद जून के महीने में सर्वाधिक तापमान दर्ज हुआ है। साल 2019 में यहां अधिकतम तापमान 49 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। भीषण गर्मी और लू से लोगों को दिन ही नहीं बल्कि रात में भी राहत नहीं है। गंगानगर में बीती रात का न्यूनतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ यानी यहां तापमान इससे नीचे गया ही नहीं। बीती रात राजस्थान में यहां सीजन की सबसे गर्म रात रही। बा?मेर में बुधवार को सीजन का सबसे गर्म दिन और सबसे गर्म रात रही।



### बाडमेर, जैसलमेर से भी ज्यादा गर्मी जयपुर में

गंगानगर के अलावा बुधवार को राजधानी जयपुर में भी जबरदस्त गर्मी रही। यहां बुधवारक को अधिकतम तापमान बा?मेर, जैसलमेर से भी ज्यादा दर्ज हुआ। बीकानेर में अधिकतम तापमान 45 .1 डिग्री सेल्सियस, चूरू में 45 .8, कोटा में 45 .1, बा?मेर में 44 .2, जयपुर में 44 .4, जोधपुर में 43 .3, जैसलमेर में 43 .7, अजमेर में 42 .8 और उदयपुर में 42 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### चार शहरों में दिन के समान रात में गर्मी

राजस्थान का एक मात्र हिल स्टेशन माउंट आबू में इन समय दिन का अधिकतम तापमान 31 से 33 डिग्री के बीच पहुंच रहा है, लेकिन राज्य कुछ शहर ऐसे है जहां रात में इससे भी ज्यादा तापमान दर्ज हो रहा है। यानी इन चारों शहरों में रात में ही इतनी गर्मी प? रही है, जितनी गर्मी माउंट आबू में भरी दोपहरी में नहीं रहती। इन शहरों में रात का मिनिमम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हो रहा है। गंगानगर में बीती रात न्यूनतम तापमान 34 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर ( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि□बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# हनुमान नगर थाना पुलिस के सिपाही पुलिस महकमें की साख को धूमिल करने पर उतारू

## अवैध बजरी परिवहन से पुलिस का क्या लेना देना तकलीफ हो तो जनता खुद रोक लेवे ट्रेलर लगा के

## अवैध बजरी परिवहन को रोकने की शिकायत पर दे रहे हैं बेतुका गैर जिम्मेदारना जवाब

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां शहर के निकटवर्ती हनुमान नगर थाना क्षेत्र में सरपट दौड़ रहे अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टरों की शिकायत पर कॉलोनी वासियों को गैर जिम्मेदारना जवाब देकर पुलिस के सिपाही मुकेश कुमार ने पुलिस महकमें की साख कई गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं,। हनुमान नगर थाना में ड्यूटी पर तैनात सिपाही मुकेश कुमार का कहना है कि बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलीयो को रोकने का काम पुलिस का नहीं है। अगर जनता को इससे परेशानी है तो स्वय ट्रेलर लाकर रोड के बीच में खड़ा कर देवे। पुलिसकर्मी द्वारा ऐसे जवाब देने पर सवाल यह उठता है कि क्या आमजन से मिलने वाली शिकायतों को राहत और आम नागरिक की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिरकार किसकी है। इसलिए की यहां तो पुलिस अवैध बजरी परिवहन की फिक्रमंद बन गई है। ऐसे में अब यहां जनता शिकायत लेकर किसके पास जाए, क्योंकि यहां पुलिस अवैध बजरी परिवहन पर हनुमान नगर थाना पुलिस कुछ सुनने को तैयार ही नहीं आखिर क्यों? ऐसे हालातो पर सोमवार को मामला यह सामने आया कि। इन दिनों हनुमान नगर पुलिस थाना क्षेत्र के कोटा रोड पर स्थित कॉलोनी के मार्गो पर से अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रोलिया सरपट दौड़ रही हैं। सरपट दौड़ रहे इन ट्रैक्टरों ट्रॉलियों से गंभीर हादसा होने का भय कॉलोनी वासियों को काफी समय से सता रहा है। लेकिन पुलिस ऐसे मामले में कॉलोनी वासियों को राहत पहुंचाने की बजाए गैर जिम्मेदारना जवाब देकर उक्त मामले में कार्रवाई करने से पल्ला झाड़ने हुए दिखाई पड़ी है । वहीं तेज रफ्तार से दौड़ने वाले ट्रैक्टरों के शोर शराबे और तेज आवाज के कारण उक्त क्षेत्र वासियों को लंबे समय से परेशानियां उठानी पड़ रही है। नाम नहीं छापने की शर्त पर कॉलोनी वासियों ने जानकारी में बताया कि इस मामले और हालातो कि जानकारी क्षेत्रवासियों ने कई बार हनुमान नगर थाना पुलिस तक पहुंचाई है।लेकिन पुलिस ने ऐसे हालातो पर कार्रवाई करने की जहमत आज तक नहीं उठाई तो वही ऐसे हालातो पर कई समय से कॉलोनी वासी हनुमान नगर थाना पुलिस को जानकारी देते आ रहे हैं। ऐसे में यहां पुलिस बजरी माफिया की फिक्रमंद बनी रहकर अपने आप में यह सवाल खड़ा कर रही है कि अवैध बजरी परिवहन पर आखिर कार्रवाई करें तो कौन करे क्योंकि यहां तो पुलिस के सिपाही स्वयं ही अवैध बजरी परिवहन पर कार्रवाई करने से पल्ला झाड़ कर यह साफ तौर पर कहते दिखाई पड़ रहे हैं कि।कालोनी निवास अपने स्तर पर अवैध बजरी परिवहन को रोकने का काम करें। ऐसे में, आम जानकी रक्षा सुरक्षा और विश्वास वाले पुलिस महकमें कि और जारी संदेश यहां खोखले साबित होते दिखाई पड़ रहे हैं। इसलिए की हनुमान नगर पुलिस थाना में तैनात सिपाही ने अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टरों को रोकने की शिकायत पर बेतुका गैर जिम्मेदारना जवाब देकर पुलिस महकमें की साख को, धूमिल करते हुए पर कई सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

### अवैध बजरी परिवहन को रोकने के मामले में क्या कहते हैं हनुमान नगर पुलिस थाना में ड्यूटी पर तैनात सिपाही

अरे भई आप कौन हो क्या कहना चाह रहे हो ट्रेलर लगा दीजिए आप बजरी के ट्रैक्टरों से हमारा क्या लेना देना हमारा क्या काम है भई क्या लेना देना कुएं में गिरे यह सारे के सारे ट्रैक्टर वाले रेत है यह कौन चला रहा है आप खुद मालूम कर लो खुद रोक लो।

मुकेश कुमार, सिपाही
पुलिस थाना हनुमान नगर, जिला भीलवाड़ा



# सूरौठ पुलिस ने 10 लाख कीमत के सोने व चांदी के आभूषण व मोबाईल किये बरामद व दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सूरौठ ( अंशु गुप्ता )।** भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश , करौली पुलिस अधीक्षक बृजेशज्योति उपाध्याय अति0 पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र पाल सिंह के निर्देशन में एवं उपाधीक्षक गिरधरसिंह आरपीएस के सुपरवीजन में सूरौठ थानाधिकारी महेश कुमार उप निरीक्षक मय टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 2 माह पूर्व थाना ईलाका के गांव खाना मे हुई चोरी में दो मुल्जिमान को गिरफ्तार कर मुल्जिमानों के कब्जे से एक मोबाईल 100 ग्राम सोने व 300 ग्राम चांदी के आभूषण किये बरामद 28 मई को फरियादी जगदीश पुत्र श्रीमन उम्र 43 साल जाति गुर्जर निवासी खानाका थाना सूरौठ ने उपस्थित थाना होकर एक तहरीर रिपोर्ट इस आश्य की पेश की मैं जगदीश पुत्र श्रीमन जाति गुर्जर निवासी खनाका दिनांक 27 अप्रैल से 28. अप्रैल कि रात्रि के करीबन 12 से 3.30 तक में मेरे परिवार सहित सो रहा था रात्रि के समय मेरे पाटौरपोश मकान की पट्टी हटाकर अज्ञात चोरो ने मेरी आलमारी में रखे हुए जेवर नकदी एवं सीतारानी कानों के कुण्डल सोने के नाक की बाली सोने की 6 नग एवं 8 जोडी चांदी की चुटकी एवं पायल हाथो के कडे चांदी के 10 नग अंगूठी चांदी की एव दूसरी पाटोरपोश मकान मे से कोधनी एवं पायजेब एवं 1 लाख बीस हजार रुपये नकदी चुरा ले गये एवं 2 मोबाईल फोन चुरा ले गये।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी, प्रशिक्षण शुरू



.ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर और धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम जिम्मेदार अधिकारी डॉक्टर पी एल जांगिड़ ने जानकारी में बताया कि इस बार बीसलपुर बांध और मांडकला नगरफोर्ट में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम होगा।

योग दिवस के ब्लॉक नोडल प्रभारी डॉ. पीएल जांगिड़ ने बताया कि इसके तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्लॉक के सभी योग प्रशिक्षकों के लिए देवली, दूनी और नगरफोर्ट तहसील केंद्रों पर शुरू किया गया है। देवली में अटल उद्यान (दशहरा मैदान), दूनी में पीएम श्री राउमावि और नगरफोर्ट में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।इसके अलावा एक महीने से काउंटडाउन योगाभ्यास कार्यक्रम अटल उद्यान में चल रहा है।जिसमें देवली नगर के आमजन भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम 20 मई से 20 जून तक चलेगा और लोगों को योग के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिकाधिक लोगों की भागीदारी के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

# पावटा उपजिला अस्पताल में एक द्विवसीय अन्नपूर्णा रसोई का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति ने पावटा में एक अनूठी पहल का शुभारंभ किया है। एनजीओ द्वारा अन्नपूर्णा रसोई उप जिला अस्पताल पावटा में बुधवार को जरूरतमंद व्यक्तियों को एक दिवसीय निःशुल्क भोजन कराया। इस कार्य का शुभारंभ विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने देवी स्वरूप कन्याओं को भोजन परोसकर किया। एनजीओ के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने बताया कि इस क्षेत्र में यह अनूठी पहल का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत लोग अपने खुशी के पलों को जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क भोजन खिलाकर और गौ माता/पशुओं को चारा खिलाकर मना सकते हैं। इस मौके पर विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़, उप जिला अस्पताल प्रभारी डॉ. रवि बंसल, सीनियर डॉ. संतोष वर्मा, डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. अशोक जाट, प्रदेश कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा दिनेश मित्तल, पूर्व वाइस चेयरमैन नरवाद, समाजसेवी डॉक्टर जेपी कोटिया, पूर्व उप प्रधान बनवारी लाल स्वामी और अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे। अन्नपूर्णा रसोई का उद्देश्य जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन प्रदान करना है। यह पहल समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है और लोगों को अपनी खुशी के पलों को दूसरों के साथ बांटने का अवसर प्रदान करती है। अन्नपूर्णा रसोई का यह कार्य निश्चित रूप से समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। इस दौरान पंडित द्वारकेश मिश्रा, लक्ष्मी नारायण यादव, सेवानिवृत्त थानेदार रामजीलाल सैनी, शिक्षाविद गजानंद टीलावत, मनोज बुनकर, सामाजिक कार्यकर्ता वेद प्रकाश बाकोलिया, समाजसेवी कैलाश चंद शर्मा, नवीन गर्ग, श्रीकांत मिश्रा, हितेंद्र लाटा, मनोहर सिंह शेखावत, नरेश जोशी, महेश मिश्रा, लहरी सैनी, यतीश बंसल, रतन लाल यादव व अन्नपूर्णा रसोई संचालक कृष्ण मीणा एवं एनजीओ के सदस्य मौजूद रहे।

# कई दिनों बंद स्ट्रीट लाइटें, जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**झुन्झुनु ( नि.स. )।** शहर के वार्ड नं. 33 में स्ट्रीट लाइटें बंद होने से स्थानीय लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पार्षद प्रतिनिधि सलीम कबाड़ी के नेतृत्व में वार्ड के लोगो ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड में पिछले कई दिनों से स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सलीम कबाड़ी ने बताया कि इस समस्या को लेकर उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया, लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। उन्होंने बताया कि हाल ही में मनाया गया ईद का पर्व भी अंधेरे में ही गुजरा है। त्योहार के दिन भी लाइटें ठीक नहीं की गईं। रात्रि के समय अंधेरा होने से राहगीरों, महिलाओं और बुजुर्गों को आने-जाने में दिक्कतें हो रही हैं। क्षेत्र में दुर्घटना और असामाजिक गतिविधियों की भी आशंका बनी रहती है। उन्होंने मांग की है कि वार्ड की सभी लाइटों को जल्द से जल्द मरम्मत करवाई जाए ताकि लोगों को राहत मिल सकें।

# आर.सी. मेहता अध्यक्ष एवं शांति लाल सामर सचिव बनें

बढ़ता राजस्थान





**उदयपुर ( नि.स. )।** चाणक्यपुरी विकास समिति हिरन मगरी सेक्टर 4 की साधारण सभा की बैठक चाणक्यपुरी पार्क में आयोजित की गई। जिसमें त्रि-वर्षीय चुनाव वर्ष 2025 -28 के लिए चुनाव अधिकारी डॉ. पी.सी. कंठालिया एवं दलपत सिंह जैन के नेतृत्व में विकास समिति के चुनाव सम्पन हुये। संस्थापक अध्यक्ष शांति लाल अग्रवाल ने बताया कि समिति के वर्ष 2025-28 के लिये सर्वसम्मति से निर्विरोध टीम की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष आर.सी. मेहता, पूर्व अध्यक्ष रमेश लालावत, संस्थापक अध्यक्ष शान्तिलाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह शक्तावत, सचिव शान्ति लाल सामर, कोषाध्यक्ष सीए दिनेश पामेचा, संयुक्त सचिव बाबूलाल कोठारी, संगठन सचिव रमाकांत जोशी, प्रचार प्रसार सचिव सुनील बया, के अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मोती लाल बया, राजेन्द्र मेहता, कैलाश माथुर, बी.एल. हेडा, विजय चौहान,राजेश तलदार, परामर्श एवं सलाहकार मंडल में डी पी शर्मा, सी एल शर्मा, करण सिंह शक्तावत, डॉ रमणीक लाल जैन एवं उत्सव लाल जैन का मनोनयन किया गया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत भव्य किसान गोष्ठी का आयोजन

## उन्नत कृषि तकनीक, सरकारी योजनाओं और नवाचारों की जानकारी से किसानों को लाभान्वित करने की पहल

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** तहसील मावली के ग्राम पलाना कलां में 29 मई से 12 जून 2025 तक चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत एक वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, केंद्र एवं राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं तथा कृषि नवाचारों से अवगत कराना, और एक समृद्ध, आत्मनिर्भर एवं टिकाऊ कृषि प्रणाली को सशक्त बनाना रहा। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के सफल कार्यकाल की पूर्णता के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से राजस्थान के 7 लाख से अधिक किसानों तक प्रभावी पहुंच बनाई गई है। डॉ. जे. पी. मिश्रा, निदेशक, अटारी जोधपुर ने कार्यक्रम को मोदी जी के 11 वर्षों की उपलब्धियों को समर्पित बताया और वैज्ञानिकों एवं किसानों की एकजुटता को सफलता की कुंजी बताया। ईश्वर यादव, नोडल अधिकारी, वी.के.एस.ए. ने कहा कि जब वैज्ञानिक और किसान साथ-साथ चलते हैं, तब कृषि में प्रगति सुनिश्चित होती है। उन्होंने किसानों से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक, कुलगुरु, एम.पी.यू.ए.टी., उदयपुर ने बताया कि 1950 से अब तक देश की जनसंख्या चार गुना बढ़ी है, परंतु अनाज उत्पादन में सात गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कृषि में तकनीकी प्रयोग को और अधिक अपनाने की आवश्यकता जताई। सुधीर मान, राज्य विपणन प्रबंधक, इफ्को, राजस्थान ने रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में लिक्विड यूरिया और लिक्विड डीएपी के प्रयोग की सलाह दी। सांसद सी. पी. जोशी, चित्तौड़गढ़ ने कहा कि फसल खराबा कानून में सुधार के बाद अब 33 प्रतिशत फसल नुकसान पर भी मुआवजा मिल रहा है। साथ ही, केंद्र सरकार की ओर से किसानों को 6000 और राज्य सरकार से 3000 की सालाना सहायता किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिल रही है। इस कार्यक्रम में 1200 से अधिक किसान, महिला कृषक एवं युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा कृषि प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अतिथियों एवं आगंतुकों ने अवलोकन किया। पूर्व आयोजन के पूर्व में एक किसान चौपाल का आयोजन भी किया गया, जिसमें भागीरथ चौधरी जी ने किसानों से सीधा संवाद किया।

# फतेहपुरा खुर्द में रात्रि चौपाल का आयोजन, ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष रखी समस्याएं

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** ग्राम पंचायत फतेहपुरा खुर्द में बुधवार की बिती रात्रि में उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में ग्रामीणों ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं, सड़कों की मरम्मत, राशन वितरण, नरेगा कार्यों तथा पशुपालन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करें और जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ समय पर सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में अपनी बात खुलकर रखी और इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी सुशीला यादव, तहसीलदार संजय खेदड़, खंड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.के. सिंह, पशु चिकित्सक नवल पारिक, सीबीओ धर्मवीर गेंडोले, वन विभाग से शेर सिंह बाकोलिया और महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ मंजू सैनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। चौपाल का संचालन सरपंच और ग्राम सचिव ने किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में अपनी बात खुलकर रखी और इस पहल की सराहना की।

# घरों में चोरी करने वाले एक शातिर नकबजन मोहम्मद अख्तर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घरों में चोरी करने वाले एक शातिर नकबजन मोहम्मद अख्तर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चोरी किए गए एलईडी टीवी,मोबाइल सहित अन्य चोरी का माल बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कि घरों में चोरी करने वाले एक शातिर नकबजन मोहम्मद अख्तर निवासी गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित मोहम्मद अख्तर नशा करने का गंभीर आदि है और नशा पूर्ति करने के लिए जयपुर शहर की तरफ से सार्वजनिक साधन मैजिक, बस आदि के माध्यम से मालवीय नगर व अन्य क्षेत्र में जाता है। जहां कचरा बीनने के बहाने से घूमता है वह जैसे ही किसी मकान को सूना देखता है तो मौका देखकर मकान के अन्दर घुस जाता है एवं घर में रखे कीमती सामान को चोरी कर तुरंत ही निकल जाता है। मुलजिम चोरी किए गए सामान को बेचकर नशा पूर्ति करता है।

# रथ यात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ की आरती करेगा पंजाबी समाज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री जगन्नाथ रथ यात्रा भगवान जगन्नाथ के प्रति असीम भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र के रथ को शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए रथ यात्रा निकाली जाती है, जिसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इस वर्ष यह यात्रा शुक्रवार, 27 जून 2025 को निकाली जाएगी जिसमें इस बार उदयपुर पंजाबी समाज को भगवान की आरती उतारनें का अवसर दिया गया है। यह आरती शाम 5 बजे गुरू नानक कन्या महाविद्यालय के मेन गेट, हिरन मगरी मेन रोड पर होगी। अध्यक्ष डॉ.जितेंद्र बहल,धर्मेन्द्र शारदा, राकेश कपूर, अनमोल सिंह, रविन्द्र पाल सलूजा ने आज आयोजित एक बैठक में उक्त जानकारी दी।

# अच्छा दिखना और अच्छा होना दोनों में बहुत अन्तर : आचार्य मणिप्रभ सूरीश्वर महाराज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** परम पूज्य खतरच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वर मसा आदि ठाणा ने दादाबाड़ी स्थित वासुपूज्य मन्दिर में प्रातःकालीन धर्मसभा मे कहा कि सुबह जब आंख खुलती हैं तब सपने सारे टूट जाते हैं। थकावट सारी मिट गई। तरोताजगी आ जाती है लेकिन सबसे पहले हम जो विचार करते हैं उसी में हमारा व्यक्तित्व नजर आता है। आचार्य मणिप्रभ सूरीश्वर महाराज का 13 जून को केसरियाजी में मंगल प्रवेश होगा। इस अवसर पर देश भर से श्रावक-श्राविकाओं की मौजूदगी रहेगी। उन्होंने कहा कि अच्छा दिखूं यह बाहर का विषय है। लोगों के द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र सच्चा भी होता है झूठा भी हो सकता है, लेकिन स्वयं से स्वयं का आंकलन जरूरी है। अच्छा दिखना और अच्छा होना दोनों में फर्क है। मैं भविष्य के लिए सोचता हूं या भगवान के लिए यह महत्वपूर्ण है। जीवन छोटा है तभी इसका मूल्य है। अगर जीवन अनन्त काल का होता तो इसका कोई मोल नहीं होता जीवन छोटा है और कब तक चलेगा यह हमें पता नहीं है, तभी हम जी पा रहे हैं हैं। अगर पता होता तो न हम जी पाते और ना ही जीवन में कुछ कर पाते ।

## बनास नदी हादसा मुस्लिम प्रोग्रेसिव फेडरेशन ने मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख की सहायता राशि की माँग की

### गरीब परिवारों के 8 युवकों की मौत के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आर्थिक मदद की अपील

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** टोंक जिले की बनास नदी में मंगलवार को हुए दर्दनाक हादसे में डूबने से जयपुर के 8 युवकों की मौत हो गई। सभी युवक पिकनिक मनाने के लिए वहां गए थे। हादसे ने मृतकों के परिवारों को गहरे सदमे और आर्थिक संकट में डाल दिया है। मृतकों में सभी अत्यंत गरीब तबके से थे, जिनके घरों में अब कमाने वाला भी कोई नहीं बचा। इस घटना पर मुस्लिम प्रोग्रेसिव फेडरेशन ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के लिए सरकार से तुरंत मुआवज़ा राशि की माँग की है। फेडरेशन के कन्वीनर अब्दुल सलाम जौहर ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आग्रह किया है कि हर मृतक के परिजन को कम से कम 25–25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अविलंब प्रदान की जाए। जौहर ने कहा, यह हादसा सिर्फ़ एक दुखद घटना नहीं, बल्कि कई परिवारों के जीवन का संकट बन गया है। अब इन परिवारों की जीविका का कोई साधन नहीं बचा है। ऐसे में राज्य सरकार से मानवीय आधार पर आर्थिक मदद की उम्मीद की जाती है। फेडरेशन ने क्षेत्रीय विधायक, लोकसभा और राज्यसभा सांसदों से भी अपील की है कि वे अपने फंड से इस हादसे के शिकार परिवारों को अधिकतम सहायता राशि उपलब्ध कराएं।



### फेडरेशन की माँगें

मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिवार को ?25 लाख की सहायता राशि। विधायक, सांसद निधियों से अतिरिक्त आर्थिक सहयोग।सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ और पुनर्वास की व्यवस्था।इस हादसे ने पूरे राजस्थान को झकझोर कर रख दिया है। अब यह देखना होगा कि सरकार और जनप्रतिनिधि इस विपदा में पीड़ित परिवारों की किस हद तक मदद करते हैं। अब्दुल सलाम जौहर कन्वीनर, मुस्लिम प्रोग्रेसिव फेडरेशन

## घरों में चोरी करने वाले एक शातिर नकबजन मोहम्मद अख्तर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घरों में चोरी करने वाले एक शातिर नकबजन मोहम्मद अख्तर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चोरी किए गए एलईडी टीवी,मोबाइल सहित अन्य चोरी का माल बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कि घरों में चोरी करने वाले एक शातिर नकबजन मोहम्मद अख्तर निवासी गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित मोहम्मद अख्तर नशा करने का गंभीर आदि है और नशा पूर्ति करने के लिए जयपुर शहर की तरफ से सार्वजनिक साधन मैजिक, बस आदि के माध्यम से मालवीय नगर व अन्य क्षेत्र में जाता है। जहां कचरा बीनने के बहाने से घूमता है वह जैसे ही किसी मकान को सूना देखता है तो मौका देखकर मकान के अन्दर घुस जाता है एवं घर में रखे कीमती सामान को चोरी कर तुरंत ही निकल जाता है। मुलजिम चोरी किए गए सामान को बेचकर नशा पूर्ति करता है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मानवीय पहल

## अब अज्ञात, बेसहारा और अनाथ रोगियों को मिल सकेगा नि:शुल्क इलाज

### .पहचान पत्र के अभाव में योजनाओं का नहीं मिल पाता था लाभ- अब रजिस्टर्ड ट्रस्ट या एनजीओ के प्रमाण पत्र से मिल सकेगा इलाज- चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के बीच एमओयू

बढ़ता राजस्थान

जयपुर,(का.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मानवीय पहल एवं मार्गदर्शन में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने असहाय, वंचित, मानसिक रूप से अक्षम, लावारिस और अज्ञात रोगियों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संवेदनशील कदम उठाया है। अब इन रोगियों को राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा एक संयुक्त एमओयू किया गया है। इसके तहत रजिस्टर्ड धर्मार्थ ट्रस्ट या एनजीओ के माध्यम से चिकित्सालयों में लाए जाने वाले रोगियों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी।



### इसलिए नहीं मिल पाता था योजनाओं का लाभ-

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री कुलदीप रांका एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासन सचिव श्री अम्बरीष कुमार के संयुक्त हस्ताक्षर से इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। चिकित्सा शिक्षा सचिव ने बताया कि प्राय: यह देखने में आता था कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, धार्मिक स्थल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर असहाय, मानसिक रूप से अक्षम, लावारिस या अज्ञात रोगी बेसहारा स्थिति में पाए जाते थे और ऐसे व्यक्तियों को धर्मार्थ ट्रस्ट या एनजीओ द्वारा चिकित्सालयों में लाया जाता था, लेकिन पहचान पत्र (आधार/जन आधार/अन्य) के अभाव में उन्हें मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना या अन्य योजनाओं में नि:शुल्क इलाज, ऑपरेशन या इंप्लांट लगाया जाना संभव नहीं हो पाता था।

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूं निकली जीवन रक्षा की राह-

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे रोगियों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने ऐसे रोगियों के समुचित उपचार के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इनके अनुसार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग या देवस्थान विभाग में रजिस्टर्ड ट्रस्ट या एनजीओ द्वारा लाए गए रोगियों को चिकित्सा शिक्षा विभाग के चिकित्सालयों में मुफ्त इलाज मिलेगा। ऐसे ट्रस्ट या एनजीओ को केवल यह प्रमाण पत्र जारी करना होगा कि लाया गया रोगी असहाय, वंचित, लावारिस या अज्ञात है। यह प्रमाण पत्र नि:शुल्क इलाज के लिए पर्याप्त होगा। चिकित्सा शिक्षा और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा एक संयुक्त समिति का गठन किया गया है, जो ट्रस्ट/एनजीओ को अधिकृत करेगी और एमओयू के आधार पर सहयोग सुनिश्चित करेगी। योजना के तहत होने वाला व्यय आरएमआरएस के माध्यम से वहन किया जाएगा।

## राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने किए विश्व की सबसे सूक्ष्म हस्तलिखित श्रीमद्भागवत गीता के दर्शन

### कलाकार डॉ. राम सिंह राजोरिया की कला को बताया 'अद्भुत'

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बुधवार को राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े से प्रसिद्ध सूक्ष्मकलाकार डॉ. राम सिंह राजोरिया ने भेंट की। इस भेंट के दौरान उन्होंने विश्व की सबसे छोटी हस्तलिखित श्रीमद्भागवत गीता के दर्शन कराए, जिसे देखकर राज्यपाल ने गहरी सराहना व्यक्त करते हुए इसे अद्भुत और अद्वितीय करार देते हुए प्रशंशा पत्र दिया।डॉ. राजोरिया द्वारा चावल के एक दाने पर उकेरा गया भगवान गणेश का चित्र एवं उनका नाम भी राज्यपाल को भेंट स्वरूप प्रदान किया गया ! इस अवसर पर श्री कृष्णजन्म भूमि न्यास परिषद के जिला अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता एवं रोहित राजोरिया भी उपस्थित रहे।

5 इंच लंबी और 3.5 इंच चौड़ी इस श्रीमद्भागवत गीता को विशेष एक्रेलिक शीट पर अत्यंत बारीकी से खुदाई कर 2 वर्ष के अथक प्रयास से लिखा गया है, जो तकनीक और श्रद्धा का अद्वितीय संगम है। यह अनूठा ग्रंथ अब तक 8 विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर चुका है। डॉ. राजोरिया को इस कार्य के लिए मानक डॉक्टरेट उपाधि से भी सम्मानित किया गया है। यह अलौकिक कृति अब तक देश के अनेक संत–महात्माओं और महान विभूतियों को दर्शन कराए जा चुके हैं, जिनमें शामिल हैं — श्री प्रेमानंद जी महाराज, श्री धीरेंद्र शास्त्री, श्री निश्चलानंद शंकराचार्य, श्री अविमुक्तानंद जी, श्री गोविंद गिरी जी, श्री अनिरुद्धाचार्य जी, श्री राजेंद्र दास जी (मुकुल पीठ), श्री रितेश्वर जी (आनंद धाम), श्री चिदानंद सरस्वती जी (वृंदावन आनंद धाम), श्री जया किशोरी जी, योगगुरु बाबा रामदेव, श्री रामभद्राचार्य जी, और श्री इंद्रेश जी आदि।




## बाबू भाई फ्रिज वाले ने मासूमों की मौत पर जताया गहरा शोक, दिया भावुक संदेश

### राज्य सरकार से पीड़ित परिवारों के लिए मुआवज़े की मांग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बनास नदी में डूबने से आठ मासूमों की दर्दनाक मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस हादसे को लेकर ढुस्ढुरूप्रदेश उपाध्यक्ष बाबू भाई फ्रिज वाले ने गहरा शोक जताया है और बेहद भावुक अंदाज़ में समाज और परिवारों से आत्ममंथन करने की अपील की है।



बाबू भाई ने कहा कि माँ–बाप की जिम्मेदारी सिर्फ बच्चों को पालने तक सीमित नहीं है, बल्कि तालीम, तरबियत और हर कदम पर निगरानी रखना भी उतना ही जरूरी है। कभी–कभी थोड़ी सी लापरवाही पूरी ज़िंदगी का पछतावा बन जाती है।

उन्होंने सवाल उठाए कि क्या बच्चे बिना बताए घर से निकले थे? क्या उन्हें तैरना आता था? क्या कोई जिम्मेदार व्यक्ति उनके साथ था? क्या इस हादसे को टाला जा सकता था? लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि इन सवालों के जवाब खोजने से ज़्यादा ज़रूरी है कि हम इस घटना से सबक लें, ताकि आगे ऐसी त्रासदियाँ दोबारा न हों।

बाबू भाई ने प्रशासन और सरकार से की अपील

बाबू भाई फ्रिज वाले ने राजस्थान सरकार से हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों को तुरंत उचित आर्थिक मुआवज़ा देने की मांग की है और कहा कि सरकार को ऐसे संवेदनशील मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता दिखानी चाहिए।

## सस्ते आईफोन के लालच में फंस रहे युवा, राजधानी जयपुर में बढ़ा ऑनलाइन ठगी का खतरा


### सोशल मीडिया पर चल रहा बड़ा फ्रॉड स्कैम, असली बताकर बेचे जा रहे नकली आईफोन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर समेत देशभर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इन दिनों सस्ते आईफोन के नाम पर बड़ा साइबर स्कैम चल रहा है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर फर्जी पेज और ग्रुप बनाकर युवाओं को ठगा जा रहा है। खासतौर पर ब्रांडेड मोबाइल के शौकीन युवा ठगों के जाल में फंस रहे हैं।

#### लुभावने ऑफर देकर फंसा रहे जाल में

साइबर ठग बेहद शातिर तरीके से फेसबुक व इंस्टाग्राम पर सस्ते आईफोन की पोस्ट डालते हैं। इनमें लिखा होता है आईफोन 12 प्रो मैक्स सिर्फ 30,000 में, केवल कुछ स्टॉक बचे हैं, कैश ऑन डिलीवरी अवेलेबल जैसे झांसे दिए जाते हैं। युवाओं को लुभाने के लिए एक मोबाइल नंबर भी दिया जाता है जिस पर संपर्क करने पर वॉट्सएप के जरिए वीडियो कॉल की जाती है और आईफोन मॉडल दिखाए जाते हैं।



#### फिर ऐसे होती है ठगी की शुरुआत

जब खरीदार डील फाइनल करता है तो ठग नकली आईफोन को हूबहू असली बॉक्स और पैकिंग के साथ भेजते हैं। कई बार डिलीवरी के वक्त पेमेंट का विकल्प भी दिया जाता है ताकि विश्वास कायम रहे। लेकिन असलियत सामने तब आती है जब खरीदार फोन का ढुस्ब्धढु नंबर चेक करता है या मोबाइल एक्सपर्ट से जांच करवाता है।

#### एक्सपर्ट की सलाह

साइबर एक्सपर्ट्स का कहना है कि कोई भी महंगा इलेक्ट्रॉनिक सामान सोशल मीडिया के माध्यम से बिना विश्वसनीय स्रोत से खरीदा जाना खतरे से खाली नहीं है। ऐसे मामलों में ढुस्ब्धढु नंबर की जांच ज़रूरी है। किसी भी ऑनलाइन डील पर भरोसा करने से पहले विक्रेता की प्रामाणिकता जरूर जांचें।

#### केस 1 घाटगेट के शाबान से ठगी

घाटगेट निवासी शाबान (परिवर्तित नाम) ने फेसबुक पर आईफोन 12 प्रो मैक्स की डील देखी। वॉट्सएप कॉल पर मॉडल दिखाया गया और 30,000 में डील फाइनल हुई। डिलीवरी मिलने के बाद जब फोन की जांच करवाई गई तो बॉक्स पर लिखा ढुस्श्धढु नंबर असली फोन से मेल नहीं खा रहा था। तब जाकर शाबान को पता चला कि वो ठगी का शिकार हो चुका है।

#### केस 2 रामगंज के राजिक की सतर्कता से बची ठगी

रामगंज निवासी राजिक ने भी फेसबुक पर सस्ते आईफोन का विज्ञापन देखकर ऑर्डर किया। डिलीवरी के समय जब उसने पहले फोन जांचने की बात कही, तो डिलीवरी बॉय फोन छोड़कर भाग निकला। राजिक की सतर्कता से उसकी ठगी टल गई।

## जल संरचनाओं पर श्रमदान, पौधारोपण, जागरुकता रैली सहित विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जयपुर जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आज जयपुर वन मंडल की बस्सी रेंज के अंतर्गत ग्राम धुला रावजी में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में सहायक वन संरक्षक, जयपुर; क्षेत्रीय वन अधिकारी (द्वितीय); ग्राम पंचायत धामस्या के सरपंच; ग्राम वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समिति, धूलारावजी के अध्यक्ष एवं सचिव; स्थानीय एनजीओ सदस्यों सहित ग्रामीण समुदाय के अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वृक्षारोपण स्थल आर.एफ.बीडी.पी. बुरादा की खान पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 25 बड़ एवं पीपल के पौधों का रोपण किया गया।

## राहगीरों से मारपीट कर लूटपाट करने वाले दो बाल अपचारी निरुद्ध

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीरों से मारपीट कर लूटपाट करने वाले दो बालअपचारियों को निरुद्ध किया गया है। साथ पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। निरूद्ध किये गए दोनों ही बाल अपचारी शौक और मौज मस्ती के लिए लूटपाट करते है।

**राजस्थान आवासन मण्डल**

क्रमांक :- 148 दिनांक :- 10/06/2025

**निविदा सूचना संख्या 02/2025-26**

"Manufacturing, supplying ,lowering, laying and jointing in position MS Flyover for Nalah Crossing at RHB Colony Aravli Vihar, Bhiwadi (Alwar)" के कार्य की निविदा इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 13.06.2025 से 19.06.2025 दोपहर 12.00 बजे तक ऑफलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण वेबसाईट **sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

**UBN No. :- RHB2526WSOB00057**

राज.संवाद/सी/25/4090 आवासीय अभियन्ता, पी.एच.ई-द्वितीय, जयपुर

**सितारा** सेवा की पहल
**सेवा गृह ऋण लिमिटेड** | कॉर्पोरेट कार्यालय पता : बिल्डिंग नं. 8, टावर सी, आठवी मंजिल, डीएलएफ सायबर सिटी,गुरूग्राम 122002

**नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि, अधो-हस्ताक्षरकर्ता ने **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 का सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके मांग नोटिस जारी कर, ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार से सूचना प्राप्ति दिनांक से 60 दिन के अन्दर ऋण राशि अदा करने की अपेक्षा की गई थी। ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार एवं सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य ग्रहण कर लिया है।
विशेष रुप से ऋणी और सामान्य रुप से जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा, जिसमें नीचे दी गई बकाया राशि के साथ-साथ ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागतें शामिल हैं। ऋणी का ध्यान प्रतिभूति आस्तिया के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ मे अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/ जमानतदार का नाम/ लोन नं. | बकाया राशि (रु.) | सुचना दिनांक / आधिपत्य दिनांक | बंधक अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. श्रीमती मैना पति श्री ननु खान 2. श्री नानुदीन पिता श्री नासिर खान सह, 3. श्रीमति बानो पति श्री रुस्तम खान सह, 4. श्री रुस्तम खान पिता श्री नानुदीन सह, 5. श्री निजाम खान पिता श्री आलम खान पता : प्लॉट नं. एफ 5/ एफ एफ/ 103, बीएसयूपी स्कीम, जयसिंहपुरा बास, जयपुर, राजस्थान- 302018 Loan No.: LAP100003915 | ₹ 2,14,759/- (रूपये दो लाख चौदह हजार सात सौ उनसाठ मात्र) दिनांक 30.11.2024 तक | 09.01.2025 / 09.06.2025 | फ्लेट नं. एफ-5/एफएफ/ 103, बीएसयूपी स्कीम, जयहिसंपुरा वास, भांकरोटा, तहसील- सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, बंधक की गई संपत्ति भू-खण्ड का क्षेत्रफल 34.60 वर्गमीटर **चतुर्थ सीमाएँ–** पूर्व- कुछ नही, पश्चिम- लाबी फ्लेट नं एफ 5 एफएफ 102, उत्तर - कुछ नहीं , दक्षिण - फ्लेट नं. एफ एफएफ 104 कुमावत का मकान |

स्थान : सांगानेर, जयपुर
दिनांक : 09-06-2025
भवदीय – प्राधिकृत अधिकारी
सेवा गृह ऋण लिमिटेड

**कार्यालय पंचायत समिति निवाई, जिला टोंक (राज)**

क्रमांकः-/पंसनि/लेखा / NIT/2025-26/233 दिनांक :- 09.06.2025

**NIB No 01/2025-26**

राजस्थान के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से पंचायत समिति निवाई जिला टोंक के अन्तर्गत कार्यालय द्वारा जारी निविदा के अनुसार ऑफलाईन माध्यम से जलपान / भोजन व्यवस्था, वाल पेन्टिग / लेखन कार्य, हड्डी ठेका, स्टेशनरी, फोटो स्टेट कार्य, कम्प्यूटर सामग्री मय मरम्मत कार्य, मुद्रण कार्य, टेन्ट व्यवस्था व आरओ पानी के केन सप्लाई तथा ऑनलाईन मानव संसाधन कम्प्यूटर ऑपरेटर व वाहन चालक, मानव संसाधन सुरक्षा गार्ड एंव निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति अधीनस्थ ग्राम पंचायतो में पंजीकृत फर्मो /संस्थाओं / ऐजेन्सियों से मोहरबंद/खुली बोली द्वारा निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबधित विवरण वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in एवं ऑन लाईन http://eproc.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB NUMBER-ZTN2526A0380, ZTN2526A0382 AND ZTN2526A0387
इन कार्यों के यू.बी.एन नम्बर (UBN NO.) इस प्रकार से है :-

1. ZTN2526GLOB00370 to ZTN2526GLOB00412
2. ZTN2526GSOB00416
3. ZTN2526SLOB00425
4. ZTN2526SSOB00418
5. ZTN2526SSOB00419
6. ZTN2526SSOB00421
7. ZTN2526SSOB00422
8. ZTN2526SSOB00424
9. ZTN2526WSOB00415
10. ZTN2526WSOB00417
11. ZTN2526WSOB00420
12. ZTN2526WSOB00423

प्रधान पंचायत समिति निवाई
विकास अधिकारी पंचायत समिति निवाई

# सम्पादकीय

## लू से 700 मौतें हो गई, राजनीतिक दलों ने उफ तक नहीं की

एक अध्ययन में यह खुलासा हुआ कि पुरुषों में लू से होने वाली मौतों की आशंका ज्यादा पाई गई। एक और हालिया अध्ययन में यह बताया गया है कि हीटवेव से होने वाली मौतें जातीय आधार पर भी बंटी हुई हैं।

देश में आम लोगों की जिन्दगी कोई मोल नहीं है। कम से कम सरकारों और राजनीतिक दलों की नजर में तो बिल्कुल नजर नहीं आता। मुद्दा यदि वोट बैंक से जुड़ा हुआ हो, तभी राजनीतिक दल कुछ गंभीरता बेशक दिखा लें किन्तु लोगों के जीवन-मरण जैसे मुद्दों से लगता यही है कि उनका कोई सरोकार नहीं रह गया है। यदि ऐसा नहीं होता तो अदालतों को मौसम की मार से होने वाली मौतें रोकने के लिए सरकारों को दिशा-निर्देश नहीं देने पड़ते। आश्चर्य की बात यह है कि प्रतिकूल मौसम से आम लोगों को बचाने की जिम्मेदारी केंद्र और राज्यों की सरकारों की है, किन्तु यह काम भी अब अदालतों को करना पड़ रहा है। इससे सवाल खड़ा होता है कि आखिर सरकारों की जरूरत कितनी सीमित रह गई है।

हीटवेव से 700 से ज्यादा मौतों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने पूछा है कि इतने बड़े मौसमी संकट से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर क्या तैयारी की जा रही है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने गृह मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह याचिका पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ ने दाखिल की। उन्होंने कोर्ट से गुजारिश की है कि सरकार को गर्मी की चेतावनी देने वाली प्रणाली, हीटवेव की पहले से जानकारी देने की व्यवस्था, और 24 घंटे काम करने वाली राहत हेल्पलाइन जैसी सुविधाएं लागू करने के निर्देश दिए जाएं।

याचिका में यह भी बताया गया है कि 2019 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने हीटवेव से निपटने के लिए राष्ट्रीय दिशानिर्देश जारी किए थे, लेकिन कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अब तक उस पर काम ही नहीं किया। याचिका में यह भी जिक्र है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 35 के अनुसार केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस तरह की आपदा से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम करे। इससे पहले राजस्थान हाईकोर्ट ने अधिकारियों के रवैये पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि पिछले साल दिए गए अदालत के निर्देशों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। कोर्ट ने कहा कि यह कानून के शासन पर सवाल उठाता है। अधिकारी स्वयं को कानून से ऊपर मान रहे हैं, लेकिन कोर्ट आंख बंद करके नहीं बैठ सकता। इंसानों से जानवरों जैसा बर्ताव नहीं हो सकता और न जान बचाने के लिए धन की कमी का बहाना चल सकता। कोर्ट ने मुख्य सचिव से अदालती आदेशों की पालना के लिए समन्वय समिति बनाने और लू से बचाव के लिए कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया, वहीं केन्द्रीय गृह मंत्रालय, मुख्य सचिव व राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा केन्द्र व राज्य सरकार के 10 अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

मई के पहले सप्ताह में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने देश के उत्तरी, मध्य और पश्चिमी भागों में गर्मियों के दौरान पड़ने वाली लू के मद्देनजर 11 राज्यों से कहा है कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं।

– योगेन्द्र योगी

# आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

## 12 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ


- 2016 में आज ही के दिन सायना नेहवाल ने दूसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन ख़िताब जीता था।
- 2008 में 10वें ओसियाना सिनेफ़ैन फ़िल्म समारोह में प्रख्यात फ़िल्म निदेशक मृणाल सेन को पुरस्कृत किया गया।
- 2007 में 12 जून को ही आस्ट्रेलियाई स्कूलों में सिक्ख छात्रों को धार्मिक प्रतीक कृपाण रखने की इजाजत मिली थी।
- 2007 में आज ही के दिन कनाडा में होने वाले जीव विज्ञान ओलम्पियाड में 4 भारतीयों का चयन हुआ था।
- 2002 में 12 जून से ही बालश्रम निषेध दिवस की शुरुआत हुई थी।
- 2001 में आज ही के दिन सीमा मुद्दे पर भारत और बांग्लादेश की वार्ता शुरू हुई थी।
- 1999 में 12 जून को ही पाकिस्तानी रक्षा बजट में लगभग 11 प्रतिशत की वृद्धि की गई।
- 1998 में आज ही के दिन भारत और पाकिस्तान को परमाणु परीक्षण के कारण जी-8 के देशों द्वारा ऋण नहीं देने का निर्णय लिया गया।
- 1975 में 12 जून को ही इलाहाबाद हाई कोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को चुनाव में सरकारी मशीनरी के गलत इस्तेमाल का दोषी पाया था।
- 1972 में आज ही के दिन महात्मा गांधी के जीवन पर 8 खंड का ग्रंथ लिखने वाले डी.जी. तेंदुलकर का निधन हुआ था।
- 1665 में 12 जून को ही न्यू एम्स्टर्डम कानूनी तौर पर ब्रिटेन का हिस्सा बना और योर्क के ड्यूक के नाम पर इसका नाम न्यूयॉर्क रखा गया था।
- 1381 में आज ही के दिन इंग्लैंड में किसानों ने विद्रोह किया था।
- 1957 में आज ही के दिन पाकिस्तान में मशहूर बल्लेबाज जावेद मियांदाद का जन्म हुआ था।
- 1957 में 12 जून के दिन ही भारतीय जनता पार्टी के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ नरेन्द्र सिंह तोमर का जन्म हुआ था।
- 1935 में 12 जून के दिन ही भारतीय सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक श्यामा का जन्म हुआ था।
- 1932 में आज ही के दिन मशहूर भरत नाट्यम नर्तकी और अभिनेत्री पद्मिनि का जन्म हुआ था।
- 1932 में आज ही के दिन मराठी अभिनेत्री (शर्मीली) जयश्री तलपड़े का जन्म हुआ था।

## 12 जून को हुए निधन

- 2017 में आज ही के दिन ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित तेलुगु भाषा के प्रख्यात कवि सी. नारायण रेड्डी का निधान हुआ था।
- 2015 में 12 जून के दिन ही पद्मश्री नेक चन्द सैनी का निधन हुआ था।
- 2003 में आज ही के दिन अमेरिकी अभिनेता ग्रेगरी पेक का निधन हुआ था।
- 2000 में 12 जून के दिन मराठी लेखक पी.एल देशपांडे का निधन हुआ था।

# विशेष आलेख

## हुई महंगी बहुत ही शराब तो थोड़ी - थोड़ी पिया करो ...



अशोक भाटिया

गायक पंकज उदास की यह ग़ज़ल हुई महंगी बहुत ही शराब तो थोड़ी – थोड़ी पिया करो ... वर्षो से लोगों की जबान पर है पर यह तब सार्थक हो जाती है जब सरकार शराब के दाम बढ़ा देती है । आज इस ग़ज़ल को गुनगुनाने का समय तब आया जब समाचारों से लोगों को पता पड़ा कि शराब के दाम आज से बढ़ गए है । समाचारों के अनुसार महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र सरकार ने राज्य की आबकारी नीति में बड़ा बदलाव करते हुए शराब पर उत्पाद शुल्क में भारी बढ़ोतरी का ऐलान किया है। इस फैसले का सीधा असर शराब की खुदरा कीमतों पर पड़ेगा, जिससे ग्राहकों को अब शराब खरीदने के लिए अपनी जेब और भी ज्यादा ढीली करनी होगी। कैबिनेट के नए फैसले के तहत, भारत में बनी अंग्रेजी शराब (ढ्ढरूस्नरु) पर उत्पाद शुल्क को विनिर्माण लागत के तीन गुना से बढ़ाकर 4।5 गुना कर दिया गया है। इसका सबसे अधिक असर उन उत्पादों पर पड़ेगा जिनकी विनिर्माण लागत करीब 260 रुपये प्रति बल्क लीटर है। देशी शराब पर भी शुल्क बढ़ाकर 180 रुपये से 205 रुपये प्रति प्रूफ लीटर कर दिया गया है।

महाराष्ट्र में सरकार ने 180 एमएल बोतल की कीमतों में भी बदलाव किया है। इसके तहत पहले 70 रुपये में आने वाली देशी शराब 80 रुपये की होगी, एमएमएल 148 और ढ्ढरूस्नरु205 रुपये की होगी। साथ ही प्रीमियम विदेशी शराब जो पहले 210 रुपये की थी, उसे बढ़ाकर अब 360 रुपये करने का फैसला किया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि ड्यूटी बढ़ाने के बाद सरकार के खजाने में 14 हजार करोड़ रुपये ज्यादा आ सकते हैं।

जून की शुरुआत में ही महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने माना कि पिछले साल शुरू हुई लाडकी बहिन योजना के तहत वित्तीय सहायता का भुगतान सभी महिला आवेदकों को करके चूक हुई। पवार ने कहा कि जांच के माध्यम से इस गलती को ठीक किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल वास्तविक लाभार्थियों को ही सहायता प्राप्त हो।

वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभाल रहे पवार ने बारामती में संवाददाताओं से कहा, हमने सभी महिला आवेदकों को वित्तीय लाभ देकर गलती की। हमारे पास आवेदनों की जांच करने और अयोग्य लोगों की पहचान करने के लिए बहुत कम समय था। उस समय, दो से तीन महीने में चुनावों की घोषणा होनी थी। हालांकि, उन्होंने कहा कि महिलाओं के बैंक खातों में जमा धनराशि वापस नहीं ली जाएगी।

पवार ने कहा, जब इस योजना की शुरुआत की गई थी, तो सरकार ने अपील की थी कि केवल पात्र महिलाएं ही आवेदन करें, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसकी जांच की जा रही है। केवल जरूरतमंद महिलाओं को ही मासिक सहायता राशि मिलेगी।

सरकार ने इसके साथ ही एक नई श्रेणी महाराष्ट्र निर्मित शराब (रूरूरू) शुरू करने की भी घोषणा की है, जो देशी और ढ्ढरूस्नरु के बीच की कड़ी होगी। यह केवल अनाज आधारित शराब होगी और इसमें केवल राज्य के भीतर निर्मित और पंजीकृत उत्पाद ही शामिल किए जाएंगे। विदेशी या राष्ट्रीय ब्रांड इसमें शामिल नहीं होंगे। इस फैसले से शराब की खुदरा कीमतों में 50त्न तक की बढ़ोतरी की संभावना है। उदाहरण के लिए-

ज़् देशी शराब की 180द्वद्य बोतल अब 80 रुपये में मिलेगी, जो पहले 60-70 रुपये थी।

सरकार को उम्मीद है कि इस बदलाव से वार्षिक आबकारी संग्रह में 14,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी होगी। साथ ही रूरूरू से अतिरिक्त 3,000 करोड़ रुपये के राजस्व की संभावना जताई गई है। वहीं, उद्योग विशेषज्ञों ने इस फैसले को 'वास्तविकता से दूर' बताया है। उनका कहना है कि भारी टैक्स से पड़ोसी राज्यों से शराब की तस्करी बढ़ सकती है, जिससे राज्य को राजस्व नुकसान और स्थानीय कारोबारियों को चुनौती मिल सकती है। सरकार का तर्क है कि इससे स्थानीय किसानों को भी फायदा होगा क्योंकि अनाज की मांग बढ़ेगी, और जो 38 शराब निर्माता फिलहाल निष्क्रिय हैं, उन्हें रूरूरू से नया जीवन मिल सकता है।

दूसरे राज्यों से आने वाली शराब को रोकने तथा कर चोरी रोकने के लिए मंत्रिमंडल ने राज्य आबकारी विभाग को 744 नए पद और 479 पर्यवेक्षक पद सहित कुल 1,223 नए पद की मंजूरी दी है। आबकारी विभाग की संशोधित संरचना और विभाग के एक एकीकृत नियंत्रण कक्ष स्थापना को मंजूरी दी गई। इस कक्ष के माध्यम से राज्य में डिस्टलरी, शराब कारखानों, थोक विक्रेताओं आदि को एआई प्रणाली के माध्यम से नियंत्रित किया जाएगा। विभाग की संशोधित संरचना के अनुसार, मुंबई शहर और उपनगरों में एक नया विभागीय कार्यालय शुरू किया जाएगा और मुंबई उपनगर, ठाणे, पुणे, नाशिक, नागपुर और अहिल्यानगर जैसे छह जिलों के लिए एक-एक अतिरिक्त अधीक्षक कार्यालय शुरू किया जाएगा।

शराब को लेकर लोगों की अपनी-अपनी राय है। गुजरात बिहार जैसे राज्य में शराब पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं, ज्यादातर राज्यों में शराब की बिक्री सालों से जारी है। इसके पीछे की मुख्य वजह शराब पर लगने वाले टैक्स से राज्यों की कमाई है। शराब पर लगे टैक्स राज्यों की कमाई का सबसे अहम जरिया है। अगर कोई व्यक्ति शराब की एक बोतल खरीदता है तो उसमें आधे से ज्यादा पैसा टैक्स के रुप में सरकार के खजाने में चला जाता है। बता दें कि पेट्रोल-डीजल की तरह शराब जीएसटी से बाहर है। इसलिए राज्य सरकारें अपने-अपने हिसाब से शराब पर टैक्स वसूलती है। राज्य एक्साइज ड्यूटी के नाम पर शराब बनाने और बेचने पर टैक्स लगाते हैं। कोई राज्य वैट के जरिए टैक्स वसूलता है। इसके अलावा शराब पर स्पेशल सेस, ट्रांस्पोर्ट फीस, लेबल और रजिस्ट्रेशन जैसे कई कर लगाए जाते हैं।

ज्यादातर राज्य शराब पर वैट या उत्पादन शुल्क या फिर दोनों ही लगाते हैं। इसको ऐसे समझिए अगर कोई व्यक्ति 1 लीटर शराब खरीदता है तो उसको 15 रुपये फिक्स एक्साइज ड्यूटी देनी होती है। वहीं, अगर एक शराब की बोतल की कीमत 100 रुपये है तो राज्य उसपर 10 प्रतिशत वैट लगाता है, तो कीमत बढ़कर 110 रुपये हो जाती है। ज्ञात हो कि भारत के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शराब पर अलग-अलग तरीके से टैक्स लगाया जाता है। उदाहरण के लिए, गुजरात ने 1961 से अपने नागरिकों के शराब के सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन विशेष लाइसेंस वाले बाहरी लोग अभी भी शराब खरीद सकते हैं। वहीं, पुडुचेरी को अपना अधिकांश राजस्व शराब के व्यापार से प्राप्त होता है।

# भविष्य ऑक्सीजन के बगैर?



संजीव ठाकुर

आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया।जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,

# शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा
(महानिदेशक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो)

नमस्कार साथियों हमारी आज के कॉलम के सुपर स्टार हैं डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा जोकि इस समय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर जैसे शानदार पद को सुशोभित कर रहे हैं। 13 जून सन 1965 को नीम का थाना जिले में जन्में डॉ.रवि प्रकाश शुरू से ही ऊर्जावान व्यक्तित्व रहे हैं। बीए. (ऑनर्स,अर्थशास्त्र) पीएचडी एम.बी.ए एम.फिल (सामाजिक विज्ञान) करने के बाद भारतीय पुलिस सेवा में आए आज महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर हैं, व इसी माह बेहतरीन सेवाए देने के बाद सेवानिवृत हो रहे हैं। हाल ही में इनकी टीम ने इनके ही विभाग के भ्रष्ट्र एएसपी का खुलासा कर उसके सही ठिकाने पहुँचाया था। टीम का हौसला बढ़ाने वाले व अपराधिक किस्म के लोगों के लिए आफत हैं डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा । इससे पूर्व महानिदेशक पुलिस, एससीआरबी एवं साईबर क्राईम एवं तकनीकी सेवाऐं टेलिकॉम्यूनिकेशन एवं टेक्निकल) राजस्थान जयपुर रहे। महानिदेशक पुलिस, सिविल राइट्स एण्ड साईबर क्राईम, राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, अपराध शाखा, राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सिविल राइट्स एण्ड एन्टी ह्युमन ट्रेफिकिंग, राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आर्म्ड बटालियन, राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग, जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, टेलिकॉम्यूनिकेशन एवं टेक्निकल, राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, राज्य आपदा कार्रवाई बल,राजस्थान जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, कोटा रेन्ज, कोटा। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) नई दिल्ली में लोक प्रशासन में उन्नत व्यावसायिक कार्यक्रम। पुलिस महानिरीक्षक, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कार्मिक मुख्यालय नई दिल्ली। पुलिस महानिरीक्षक, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) श्रीनगर जम्मू.कश्मीर। उप महानिरीक्षक, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नई दिल्ली रेंज।

# राम आखिर हैं कौन?



दोस्तों इस आलेख के माध्यम से उस राम को ढूंढने का प्रयास कर रहा हूँ जो सत्य है,जिसके नाम से भवसागर से पार लगा जा सकता है। लेकिन राम तो अनेक हैं किस राम को सत्य मानें या किस राम को असली राम समझें?

बाबा कबीर दास जी ने कहा है ना कि..

एक राम दशरथ का बेटा
एक राम घट-घट में बैठा
एक राम का सकल पसारा
एक राम सब जग से न्यारा

अब यहां बाबा कबीर ने ही अचरज में डाल दिया चार राम दिखा कर।

चलो इनकी छोडें,उस महाकाल की उस अविनाशी की,उस शिव की बात करते हैं जो राम को जपते हैं (राम महामंत्र जपे महेशु) वो कौनसे राम हैं?

जिनका नाम ही महामंत्र है

हालांकि मीरा बाई कृष्णा भक्ता थी लेकिन

राम नाम रस पीजे मनवा..

अब ये राम रस किस राम का है?

इधर सूरदास जी भी जो तू राम नाम चित धरतो. पछलो जन्म अगलो तेरो तोकू जन्म सुधरतो। अब यहाँ सूर बाबा किस राम को चित में धरने की कह रहे हैं?

ओर तो ओर जो हम शवयात्रा के पीछे मुर्दे को भी सुनाते हैं कि राम नाम सत्य है वो कौनसे राम हैं भाई?

इधर अपने एक दोहे में कबीर कह रहे हैं कि

कबीरा सब जग निर्धनो-
धनवर्ता नही कोय
धनवर्ता सो ही जानिए-
जाके राम नाम धन होय

अब ये धनवान राम कौनसे हैं?

नानक भंग,भसूटी सुरा
सब उतर जाए परभात
राम खुमारी नानका चढ़ी
रहे दिन-रात

अब यहां गुरूनानक देव जी महाराज कौनसे राम की खुमारी का जिक्र कर रहे हैं?

अब प्रश्न उठता है कि सच में क्या दशरथ नन्दन राम इस भवसागर से पार लगाऐंगे या फिर सीता के पति राम या अयोध्या के राजा राम। मित्रों वो राम सच में अलग है वो राम वही है जब हम परेशान होते हैं,दु:खी होते हैं तो हमारे भीतर बैठा जीव सहसा कह उठता है. हे-राम

वो राम वही हैं जो हमें सामने वाले को राम-राम कहकर अभिवादन करने के लिए प्रेरित करता है।

–रुपक शर्मा

# आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में भी जीत मिलेगी, इसलिए आप किसी बहसबाजी में ना पड़ें। यदि आपका धन व्यापार में कहीं फंसा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए धनधान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आप कोई निर्णय जल्दबाजी मे लेंगे, तो उसके लिए आपको बाद में पछतावा होगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कर्क**
आपको हर काम में सावधान रहने की जरूरत है. किसी दूसरे व्यक्ति की वजह से आपके काम में जरूरत से ज्यादा समय लग सकता है. कुछ आदतों में सुधार लाने से आपका दिन बेहतर हो सकता है. जीवनसाथी के साथ आपको प्यार से बात करनी चाहिए।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल होने से आपको धोखा मिल सकता है। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपने पिताजी से पैतृक बिजनेस को लेकर सलाह ले सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में पूरी मेहनत से जुटेंगे, लेकिन आपका ध्यान फिर भी दूसरी जगह लगेगा। आपको अपने खर्चों पर भी थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जीवनसाथी से यदि आप कोई बात गुप्त रखे, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आप किसी की बातों में आकर कोई निवेश संबंधित फैसला न लें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, क्योंकि साथी के साथ उनकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। आपको काम के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों की कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपका कोई काम समय से पूर्ण न होने के कारण आपके मन में निराशा बनी रहेगी। परिवार में भी लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा। स्वास्थ्य के मामले में आप लापरवाही बिल्कुल ना करें।

**मीन**
आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को उनकी मेहनत का फल मिलेगा, जिससे वह अच्छा लाभ कमाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। यदि आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी माता-पिता के आशीर्वाद से पूरा होता दिख रहा है।


## पानी के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है: उपखंड अधिकारी अमित कुमार चौधरी



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** उपखंड कार्यालय मालपुरा में उपखंड अधिकारी अमित कुमार चौधरी की अध्यक्षता में व ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगणों की उपस्थिति में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों से भी अभियान की सफल क्रियान्विति तथा शहर के विकास के सम्बन्ध में चर्चा परिचर्चा की गई। इस अवसर पर चौधरी ने कहा कि हम सभी के सुखद भविष्य के लिए जल संरक्षण बहुत आवश्यक है क्योंकि पानी के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है । एस डी एम चौधरी ने कहा कि सरकार के वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान को सफल बनाने के सभी का सहयोग अपेक्षित है।

## श्रीराम महायज्ञ में हवन पूजन के साथ लग रहा है विशाल भंडारा



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** गांव शुक्लपुरा में स्थित श्री बालाजी महाराज के मंदिर परिसर में मानव के कल्याण के लिए आयोजित होने वाला सप्त दिवसीय 11 कुंडीय श्री राम महायज्ञ में हवन पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे लगभग 5 हजार लोग प्रतिदिन पंगत में भोग-प्रसाद ग्रहण कर रहे है। यज्ञ में योग्य और विद्वान ब्राह्मण के द्वारा प्रतिदिन 700 श्लोलों का पाठ किया जा रहा है। यज्ञाचार्य प. वेदप्रकाश गौतम के आचार्यत्व में भगवान गणेश समेत सभी ईष्ट देवताओं की पूजा करते हुए मां दूर्गा की पूजा आरंभ की। यज्ञ आचार्य ने विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ कलश, गौरी, गणेश, षोडश मातृका, सप्तघृत मातृका, सर्वतोभद्र, मण्डल, नवग्रह, क्षेत्रपाल आदि की स्थापना और पूजा के उपरांत दुर्गा सप्तशती के पाठ के बाद आहुतियां दिलाई। यज्ञ स्थल में मंत्रों की पवित्र ध्वनि के मध्य हवन-पूजन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी। साथ ही माता दुर्गा नाम के जयघोष के स्वर भी गूंजते रहे। इस दौरान निरमाणि अखाड़ा अयोध्या महंत दिनेश दास नागा महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण ही नहीं तन और मन भी शुद्ध हो जाता है। हवन-यज्ञ वाले स्थान पर प्राणवायु की मात्रा भी बढ़ जाती है। हमारा देश ऋषि मुनियों का देश रहा है। वैदिक सभ्यता का आधार ही हवन है।

## 139 किसानों को 2 करोड़ 65 लाख रुपये की राहत प्रदान की

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** राज्य सरकार द्वारा ऋणी कृषकों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एक मुश्त समझौता योजना 2025-26 लागू की गई है। योजना के तहत 139 किसानों को 2 करोड़ 65 लाख रुपये की राहत प्रदान की गई है। भूमि विकास बैंक टोंक के सचिव रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि शाखा टोंक के 18 किसानों को 22 लाख 31 हजार, शाखा निवाई के 3 किसानों को 2 लाख 88 हजार, मालपुरा के 5 किसानों को 5 लाख 99 हजार, टोडारायसिंह के 12 किसानों को 27 लाख 12 हजार, देवली के 35 किसानों को 72 लाख 94 हजार एवं शाखा उनियारा के 67 किसानों को 134 लाख 27 हजार रुपये का ब्याज माफ किया गया है। सचिव ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए भूमि विकास बैंक, टोंक के प्रधान कार्यालय किसान सहकार भवन, सिविल लाईन टोंक में संपर्क कर सकते है।

## रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति को बढ़ाने की मांग को लेकर कृषि आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजस्थान सरकार कृषि आयुक्त सुश्री चिन्मयी गोपाल को भारतीय किसान संघ टोंक द्वारा रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति को बढाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। संघ के अध्यक्ष रमेश जाट ने बताया कि भारतीय किसान संघ जिला टोंक में रासायनिक उर्वरको की आपूर्ति कनकपुरा जयपुर द्वारा बूंदी रैक पॉइन्ट से होती है। जब भी इफको एवं कृभको रासायनिक उर्वरकों की रैक लगती है जिसको टोंक जिले को 1500 से 2000 टन डीएपी एवं एनपीके 12-32-16 की आपूर्ति सूनिश्चित करवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि भारतीय किसान संघ मांग है कि किसानों को उर्वरकों की आपूर्ति सहकारी समितियों के माध्यम से ही हो जिससे किसानों को नकली खाद से निजात मिलेगी एवं किफायती दरों पर उर्वरकों की आपूर्ति सूनिश्चित हो सकेगी।

# किरोड़ी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का धरना समाप्त

## मंत्री बोले-रणथंभौर के लापरवाह अधिकारियों को हटवाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व के मध्य स्थित रणथंभौर दुर्ग में टाइगर के हमले से एक व्यक्ति की मौत के बाद चल रहा ग्रामीणों का धरना आखिरकार 33 घंटे बाद कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया. इस दौरान किरोड़ी ने रणथंभौर के लापरवाह अधिकारियों को हटवाने की बात कही।

### अपने स्तर पर दिलवाएंगे आर्थिक मुआवजा

किरोड़ी लाल मीणा ने ग्रामीण व परिजनों से वार्ता के बाद मांगों पर समझाइश करते हुए 25 लाख रुपए का आर्थिक मुआवजा अपने स्तर पर दिलवाने और परिजन को संविदा पर नौकरी का भी आश्वासन दिया. इसके अलावा अन्य तमाम मांगों पर ग्रामीणों की 20 सदस्य कमेटी का गठन किया. मंत्री कमेटी के साथ ही मुख्यमंत्री, वन मंत्री तथा केंद्रीय वन मंत्री से अन्य तमाम मांगों पर वार्ता करेंगे. धरना समाप्ति की घोषणा के बाद किरोड़ी ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि वे मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द करें।



### अब जनता के साथ अन्याय नहीं

किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि रणथंभौर बाघ परियोजना के वन अधिकारियों की शिकायत उन्होंने पूर्व में भी की है . वन अधिकारी नशे में चूर रहते हैं . वन अधिकारियों के रवैये पर किरोड़ी ने शर्मिंदगी जताई और कहा कि मैं खुद आत्म अवलोकन कर रहा हूं . ऐसे अधिकारी नियमों को ताक पर रखकर यहां जमे बैठे हैं . हाल ही में रणथंभौर में हुई तीन मानव शिकार की घटनाओं से व्यथित किरोड़ी ने इसके लिए खुद को दोषी बताया . मंत्री ने कहा कि उन्होंने ऐसा कभी नहीं देखा . वे चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं . उन्होंने कहा कि रणथंभौर के अधिकारी मंत्री से भी बड़े हो गए . अब वे जनता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे और जनता के लिए लड़ेंगे . रणथंभौर के लापरवाह अधिकारियों को हटवाएंगे। इससे पहले, ग्रामीणों और परिजनों ने सवाई माधोपुर कुंडेरा मार्ग पर जाम लगा दिया . ग्रामीणों की 8 सूत्रीय मांगों पर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा वार्ता का दौर चला, लेकिन सहमति नहीं बनी। धरना रात को जारी रहा . ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक के आश्रितों को 50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए . ग्रामीणों की अन्य मांगों में आश्रित परिवार को सरकारी नौकरी, 10 बीघा जमीन, रणथंभौर डीएफओ तथा सीसीएफ को निलंबित करने की मांग शामिल थी . आक्रामक बाघों को शिफ्ट करने सहित अन्य मांगों पर जब सहमति नहीं बनी, तब मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा धरना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की।

### घात लगाकर बैठे टाइगर ने किया हमला

बता दें कि रणथंभौर टाइगर रिजर्व के मध्य स्थित रणथंभोर दुर्ग के जैन टेंपल में विगत 20 साल से सेवाकार्य करने वाले राधेश्याम सैनी की सोमवार सुबह 4.30 बजे टाइगर के हमले से मौत हो गई थी. राधेश्याम जैसे ही जैन टेंपल से सुबह उठकर शौच के लिए बाहर निकला, तभी घात लगाकर बैठे टाइगर ने उसे अपना निवाला बना डाला और झाड़ियां में घसीट कर ले गया. टाइगर के आक्रामक मूड का अंदाजा महज इस बात से ही लगाया जा सकता है कि वन विभाग ने फायरिंग करके टाइगर को पीछे धकेला उसके बाद वन विभाग शव को कब्जे में ले सका।

## रणथम्भौर में चौकीदार को मारने वाले टाइगर की शिफ्टिंग

### देर रात ट्रेंकुलाइज कर वन विभाग ने करौली के एनक्लोजर में भेजा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रणथम्भौर टाइगर रिजर्व से एक बार टाइगर शिफ्टिंग की गई है। रणथम्भौर से इस बार की टाइगर शिफ्टिंग भी विवादों में हैं। वन विभाग ने रणथम्भौर दुर्ग में स्थित जैन मंदिर के बुजुर्ग चौकीदार बुजुर्ग को मौत के घाट उतारने वाले सब एडल्ट मेल शावक को शिफ्ट किया गया है। हालांकि विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

वन विभाग के विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ष्ट्ठङ्खस्ख्र (चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन) शिखा मेहरा के निर्देशन में रणथम्भौर टाइगर रिजर्व से शावक की शिफ्टिंग की गई है। यहां रणथम्भौर के ष्टष्टस्न (चीफ कंजरवेटर ऑफ फोरेस्ट) अनूप केआर की देखरेख में मंगलवार की रात टाइगर को ट्रेंकुलाइज किया गया।

रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में टाइगर को पहले मंगलवार की शाम को ट्रेंकुलाइज किया गया। इसके बाद एक विशेष टीम ने देर रात को ही इसे करौली के एनक्लोजर में शिफ्ट किया।

रात करीब 3.30 बजे शिफ्टिंग का काम पूरा किया! इसके बाद रणथम्भौर से एक विशेष टीम ने 3 वाहनों से मंगलवार देर रात इस टाइगर को करौली के एनक्लोजर में शिफ्ट किया। यहां रात करीब 3.30 बजे शिफ्टिंग का काम पूरा किया गया। आपको बता दें कि इससे पहले रेंजर व 7 साल के बच्चे को मौत के घाट उतारने वाली एरोहेड की फीमेल सब एडल्ट अन्वी उर्फ कनकटी को बीड एनक्लोजर में शिफ्ट किया गया था, जिसके बाद अब मेल सब एडल्ट को करौली एनक्लोजर में शिफ्ट किया गया है।

### वन विभाग टीम पर भी किया चार्ज

जानकारी के अनुसार करीब साढ़े 3 बजे वन विभाग की टीम जब टाइगर को ट्रेंकुलाइज करने पर पहुंची तो मेल शावक एग्रेसिव हो गया, जिससे एक बार वन विभाग की टीम को पीछे हटना पड़ना। जिसके बाद एक करीब एक से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद टाइगर को ट्रेंकुलाइज किया। ट्रेंकुलाइज करने के बाद में वन विभाग ने टाइगर को शिफ्टिंग की तैयारियां शुरू की और देर रात तक टाइगर को शिफ्ट कर दिया गया।

### वनाधिकारियों की कार्यशैली सवालों के घेरे में

रणथम्भौर में कार्यरत वनाधिकारियों की कार्यशैली पर इस बार भी सवाल खड़े हुए है। यहां इस बार भी टाइगर शिफ्टिंग पूरी तरह अनियमितताओं से भरी हुई रही। रणथम्भौर के वनाधिकारियों ने टाइगर शिफ्टिंग की जानकारी को गोपनीय रखा। वहीं मामले को लेकर दैनिक भास्कर ने सीसीएफ अनूप केआर से कई बार फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## गांव खंडवा व पहाड़ी में पेयजल लाइन से 13 अवैध नल कनेक्शन काटे

### पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में हुई कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** ग्रामीण क्षेत्र में सार्वजनिक नल योजना के तहत डाली गई बीसलपुर परियोजना की पेयजल आपूर्ति लाइन से लोगों ने अवैध नल कनेक्शन ले लिए हैं जिससे वैध कनेक्शन उपभोक्ताओं तक पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है। लोगों की शिकायतों पर बीसलपुर परियोजना के अधिशाषी अभियंता रामरतन डोई के निर्देश पर बुधवार को ग्राम पहाड़ी तथा खंडवा में अवैध कनेक्शन काटने का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सहायक अभियंता रामसिंह तथा सुपरवाइजर चेतन मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने पुलिस जाप्ता की मौजूदगी में 13 अवैध कनेक्शन काटे। सहायक अभियंता राम सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान 13 अवैध नल कनेक्शन हटाए गए हैं। इस दौरान अवैध कनेक्शन करने वाले उपभोक्ताओं को दुबारा कनेक्शन करने पर कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।

## अवैध बजरी से भरे 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को किया जब्त



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निवाई थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि पुलिस की अलग-अलग टीमों ने मंगलवार की रात को अवैध बजरी परिवहन करते हुए अलग-अलग स्थानों से 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सुरक्षार्थ थाना परिसर में खडा करवाकर चालकों व मालिकों के विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है।

## वर्षा जल का करें संरक्षण - विधायक रामसहाय वर्मा

### जल संरक्षण की दिलाई शपथ, वन क्षेत्र में जल संरक्षण के करवाए गए कार्यों का विधायक ने किया लोकार्पण,वन विभाग ने तुलसी के पौधे किए वितरित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत वन विभाग के तत्वावधान में श्यामाप्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, अध्यक्षता कर रही जिला प्रमुख सरोज बंसल व नगरपालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी की मौजूदगी में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक वर्मा व अन्य अतिथियों ने वन विभाग रेंज निवाई द्वारा वन क्षेत्र में मुख्यमंत्री जन स्वावलंबन अभियान 2.0 योजना में करवाए गए पूर्ण कार्य व जल संरक्षण के लिए करवाए गए कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि विधायक वर्मा ने कहा कि जल है तो कल है। इसे सबको ध्यान में रखना चाहिए और वर्षा जल का संरक्षण करना चाहिए। जिससे आगामी समय में जल की कमी ना रहे। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने राज्य सरकार की वंदे गंगा जल संरक्षण के लिए चलाए गए अभियान की प्रशंसा की। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष इसरानी ने कहा कि जल ही जीवन है। जल की एक-एक बूंद को बचाना चाहिए। इस अवसर पर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस दौरान तुलसी का पौधा भी वितरित किया गया।




कार्यक्रम में भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा, डांगरथल अध्यक्ष केदार जाट, भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा, पार्षद परसराम कुमावत, भंवर अग्रवाल, हनुमान गुर्जर रजवास, शंकरलाल सैनी, रामफूल शर्मा एवं मंगलराम मीणा, आशाराम डोई, जितेन्द्र विजय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानुका, उपखंड अधिकारी अनिता खटीक, विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव, महिला बाल विकास अधिकारी संगीता दीपक, सहायक वनरक्षक अनुराग महर्षि, क्षेत्रीय वन अधिकारी धारीलाल बैरवा, क्षेत्रीय वन अधिकारी दिनेशकुमार दोतानिया, क्षेत्रीय वन अधिकारी कालूराम व सूचना सहायक आशुतोष पारीक सहित वन सुरक्षा गश्ती दल के कर्मचारी, वन कर्मचारी, वन मित्र, वन सुरक्षा कर्मी एवं उपवन कर्मचारी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## टीम ऑफ विजिटर्स ने जिला जेल का निरीक्षण कर जांची जेल की व्यवस्थाएं

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम एवं लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के चीफ राधेश्याम जोगी, डिप्टी वीरेन्द्र कुमार वर्मा एवं असिस्टेंट आयुष ताजी ने जिला जेल सवाई माधोपुर का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान टीम ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा जेल परिसर, बैरकों एवं रसोईघर की साफ-सफाई, बंदियों को प्रदान भोजन, पीने के पानी एवं चिकित्सकीय सुविधाओं, जेल की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, जेल कर्मचारियों के व्यवहार और कार्यप्रणाली आदि के संबंध में जांच की गई एवं बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया।

निरीक्षण के दौरान दो-तीन बंदियों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी समस्या से अवगत करवाया गया, इस संबंध में टीम ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा जिला कारागृह सवाई माधोपुर के उपाधीक्षक महावीर प्रसाद मीना एवं डॉक्टर मनोज गर्ग को बीमार बंदियों को समुचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा स्थापित शिकायत पेटिका का निरीक्षण करने पर शिकायत पेटिका में बंदियों को प्रदान मूलभूत सुविधाओं के संबंध में कोई शिकायत नहीं पाई गई। टीम ऑफ विजिटर्स द्वारा उपस्थित बंदियों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जेल विजिटिंग लॉयर एवं अधिकार मित्र को अपनी समस्या के बारे में सूचित करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

निरीक्षण के दौरान कारागृह में कुल 125 बंदी उपस्थित पाये गए। जिला कारागृह के उपाधीक्षक महावीर प्रसाद मीना द्वारा कारागृह में बंदियों की क्षमता से संबंधित समस्या से अवगत करवाते हुए बताया कि कारागृह में बंदियों की क्षमता के अनुसार पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं है। टीम ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा जिला कारागृह के उपाधीक्षक महावीर प्रसाद मीना को जेल मैनुअल के अनुसार सभी बंदियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। दौराने निरीक्षण टीम ऑफ विजिटर्स द्वारा कारागृह परिसर में स्थित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का विजिट का भी विजिट किया गया, टीम ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा उपस्थित बंदियों को उनके कल्याण की योजनाओं, नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100, नालसा पोर्टल आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकार मित्र रणवीर चौधरी एवं जेल स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

## गौरव का सपना पूरा करेंगे युवा आईएएस गौरव बुडानिया

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जब आपका भाई या बहन अपने बच्चों की शिक्षा के लिए आपसे मदद मांगे, तो आपको उन्हें अपमानित नहीं करना चाहिए। अगर आप कर सकते हैं, तो कृपया उनकी मदद करें। अगर आप नहीं कर सकते हैं, तो उन्हें बस इतना बता दें कि आप उनके लिए प्रार्थना करेंगे। उनसे कभी यह सवाल न करें कि जब वे अपनी फीस या अपनी ज़रूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं, तो वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए क्यों भर्ती करवाते हैं। क्योंकि हर माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं और उन्हें जीवन में उच्च पद पर देखना चाहते हैं। इसलिए अपने बच्चों को शिक्षित करने की इच्छा में कभी भी उन पर रेत न फेंकें।



कुछ लोग दर्शन देख सकते हैं या भगवान की आवाज़ सुन सकते हैं । अन्य लोग कुछ भी नहीं देख या सुन सकते हैं - लेकिन शांति और खुशी की भावनाओं का अनुभव करते हैं जो शब्दों से परे हैं। ईश्वर की उपस्थिति का अनुभव संकट में मिली मदद से ही होता है।

ऐसा ही कुछ अनुभव जिला परिषद में संविदा कर्मी मनराज मीणा ने अपने पुत्र गौरव मीना को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी युवा आईएएस गौरव बुडानिया से मिले आशीर्वाद के रूप में प्राप्त हुआ है।

बतौर मनराज मीणा का पुत्र गौरव ने हाल ही सेकेंडरी परीक्षा में 96प्रतिशत हासिल कर अपने आप को गुदरी का लाल साबित किया है। गौरव का सपना डॉक्टर बनना है, लेकिन इस सपने में उसके पिता की गरीबी आड़े आ रही है! कहते हैं जिसका कोई नहीं होता उसका भगवान होता है, ऐसा ही कुछ मनराज के लिए जिला परिषद सवाई माधोपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं युवा आईएएस गौरव बुडानिया बनकर आए हैं।

### विश्व योग दिवस 2025

# आयुर्वेद विभाग एवं प्रमुख योग संस्थान प्रभारियों की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** आयुर्वेद विभाग उपनिदेशक डॉ. करण सिंह दहिया की अध्यक्षता में विश्व योग दिवस 2025 की तैयारियों एवं सफल आयोजन हेतु जिले के विभिन्न प्रमुख योग संस्थान के जिला प्रभारियों की बैठक आज दिनांक 11 जून, बुधवार को उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक का संचालन वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन सिंह शेखावत ने किया। डॉ शेखावत ने बैठक में बताया कि इस वर्ष का कार्यक्रम वन अर्थ, वन हेल्थ ( एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य) की थीम पर आयोजित किया जाएगा। योग दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन में योग से होने वाले लाभों के प्रति सजगता लाना है, इसके लिए आयुर्वेद विभाग एवं योग संस्थानों की ओर से शहर में अनेकों स्थानों पर नियमित योग अभ्यास कराया जा रहा हैं। योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के उन्नयन हेतु अति महत्वपूर्ण है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. करण सिंह दहिया ने बताया कि सरकार की मंशा अनुसार इस बार योग दिवस कार्यक्रम धार्मिक एवं पर्यटन स्थल पर आयोजित किए जा रहे हैं । जिला प्रशासन द्वारा इस बार योग दिवस कार्यक्रम हेतु 4 स्थान चिन्हित किए गए। इंदिरा गांधी स्टेडियम में पूर्व की भांति विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा इसके अतिरिक्त कंपनी बाग, मुसी महारानी की छतरी एवं बायोडायवर्सिटी पार्क में भी विश्व योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डॉ. दहिया ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी योग संस्थान प्रभारियों से सभी योग स्थलों पर कार्यकम के सफल आयोजन हेतु समुचित सहयोग की अपील की। बैठक में गांधी प्राकृतिक एवं योग चिकित्सा संस्थान की ओर से सुशील झालानी, पतंजलि योग संस्थान की ओर से बृज मोहन पाठक, हट्टी सिंह राजावत, हार्टफूलनेस ध्यान केंद्र की ओर से डॉ.अनुराग सिंह चौहान, डॉ महिपाल सिंह चौहान, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सुशीला मीना प्राकृतिक एवं योग चिकित्सक, आरडीएनसी मित्तल फाउंडेशन के गिरीश गुप्ता, स्नेह कलामंच की ओर से गोविंद सिंह, प्रमोद कुमार सैनी, विशन चंद शर्मा इत्यादि गणमान्य योग संस्थान प्रभारियों ने बैठक में भाग लिया।

# पायलेट जनमानस के लिए बेहतरीन लीडर हुए साबित-जूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले असाधारण सैनिक और महान राजनेता जिन्होंने अपने जीवन के हर एक पल को देश सेवा और जनमानस की भलाई के लिए समर्पित कर दिया, एक नेता के रूप में उन्होंने अनुकरणीय जीवन जिया,स्वर्गीय श्री राजेश पायलट के प्रेरणा दिवस के रूप में आज पुष्पांजलि सभा में हम उन्हें नमन करने आए हैं।



जूली बोले असाधारण व्यक्तित्व के धनी राजेश पायलट साहब ने अपने व्यक्तित्व की छाप हर आम आदमी के दिल पर छोड़ी, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि देश की तरक्की के लिए उनके दूरदर्शी विचार सदैव प्रेरक रहेंगे,वे अपने विनम्र व्यवहार , कड़ी मेहनत और देश के प्रति समर्पण से हर दिल में अपनी जगह बना गए।उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की 25 वीं पुण्यतिथि पर दौसा के जीरोता स्थित स्मारक पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा में पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।जूली बोले गरीब, जवान और किसानों के हितों के लिए साहसिक निर्णय लेने वाले राजनेता स्वर्गीय श्री राजेश पायलट साहब को दौसा लोकसभा से 5 बार सांसद और वायु सेना में अधिकारी होने का गौरव प्राप्त है।उन्होंने कहा कि उनका सैनिक जीवन और राजनीतिक यात्रा दोनों ही हमारे लिए प्रेरणादायक है।

## तुलसी मीना का हुआ सहायक आचार्य पद पर चयन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर**(राजकुमार गुप्ता)। उपखंड के समीपवर्ती नयाबासियों की ढ़ाणी खोह दरीबा निवासी तुलसी मीना पुत्री मूलचन्द मीना इंस्पेक्टर का कॉलेज शिक्षा विभाग हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजितप्रतियोगी परीक्षा-2023 में सहायक आचार्य होम साईन्स सफल घोषित हुई। तुलसी मीना ने अपनी प्राथमिक शिक्षा अपने पैतृक गाँव की स्कूल आदर्श बाल विद्या मन्दिर खोह दरीबा से निदेशक मोहन लाल शर्मा के मार्ग दर्शन से प्रारम्भ कि तथा उच्च शिक्षा ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर, राजस्थान से किया जिसमें सन 2019 में ऑल ओवर युनिवर्सिटी टॉपर और अपने विषय में स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा ईमानदारी के लिए भी नवाजी गयी। इसके पश्चात इन्होने कई डिग्रियां प्राप्त की। इनकी पढाई में इनके चाचा भोला राम मीना और कृष्ण चन्द मीना का आशीर्वाद रहा और छोटी बहन और भाई जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे उनका मोटिवेशन मिला जिसके कारण इस पद के लिए सफल घोषित हुई। सहायक आचार्य बनने पर खोह दरीबा गांव में लोगों ने खुशी व्यक्त कर मिठाई बांटी।

## राजकार्य में बाधा व सरकारी वाहन में तोड़ फोड़ करने वाले दो ईनामी आरोपी 2 ट्रैक्टर मय ट्रोली सहित गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**रैणी/अलवर** (राजकुमार गुप्ता) । रैणी थाना पुलिस ने राजकार्य में बाधा व सरकारी वाहन में तोड़फोड़ करने वाले दो ईनामी आरोपियों को 2 ट्रैक्टर मय ट्रोली के गिरफ्तार किया। रैणी थानाधिकारी रामजीलाल मीना ने बताया कि वनपाल को फहडावती में बजरी परिवहन की सूचना मिलने पर ग्राम खेडा मंगलसिह से फहडावती वाले रास्ते पर पहुंचे तो वहां पर तीन ट्रैक्टर मय ट्रोली अवैध बजरी से भरे हुये थे। उनको रुकवाकर लेकर आने लगे तो आरोपियों ने पथराव कर सरकारी गाडी के शीशे तोडकर जाप्ते के साथ मारपीट कर ट्रैक्टर मय ट्रोली को छुडाकर ले गये। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ किया गया। डॉ. प्रियंका, आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अलवर व मनीषा मीना, आरपीएस, वृत्ताधिकारी, वृत राजगढ, के निकटतम सुपरविजन में रामजीलाल पु.नि. थानाधिकारी थाना रैणी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए प्रकरण में करीब 18 माह से फरार चल रहे 5 हजार रुपये आरोपी हरकेश(37) पुत्र मुरारीलाल मीना निवासी झालाटाला पुलिस थाना लक्ष्मनगढ व प्रकाश चन्द(37) पुत्र मुरारीलाल मीना निवासी झालाटाला पुलिस थाना लक्ष्मनगढ को 2 ट्रैक्टर मय ट्रोली के के साथ गिरफ्तार किया।

# भगवान श्री जगन्नाथ का हुआ 108 जल कलशों व पंचामृत से अभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर**(राजकुमार गुप्ता)। कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित जन जन के आराध्य देव भगवान जगन्नाथ जी महाराज का 108 जल कलशों और पंचामृत से अभिषेक कराया गया। मंदिर महंत पूर्णदास व एडवोकेट मदनमोहन शास्त्री ने बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा जिसे देव पूर्णिमा कहते हैं। इस दिन भगवान श्री जगन्नाथ जी महाराज का प्रकटोत्सव और देव स्नान पर्व मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ जी महाराज को 108 जल कलशों और पंचामृत से अभिषेक कराया गया। अभिषेक के पश्चात भगवान जगन्नाथ 15 दिनों के लिए गर्भगृह में प्रवेश करते हैं। भगवान जगन्नाथ स्नान करने के बाद ज्वर पीड़ा होती है। ज्वर पीड़ा से निजात दिलाने के लिए भगवान जगन्नाथ 15 दिनों तक उनका





औषधि युक्त काढ़े आदि से उपचार किया जाता है। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा 26 जून को भगवान जगन्नाथ पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर गर्भगृह से बाहर आते हैं इसी दिन प्रात:काल भगवान जगन्नाथ जी का नेत्र उत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। उसी दिन सायंकाल माता जानकी की सवारी चौपड़ बाजार श्री जगदीश मंदिर से निकलकर मुख्य मार्गों से होती हुई गंगाबाग स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां मंदिर मार्जन और गणेश पूजन का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें मेला कमेटी के सदस्य उपस्थित रहेंगे। वहीं 27 जून को सायंकाल चौपड़ बाजार स्थित मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ जी की 171वीं ऐतिहासिक रथयात्रा निकलेगी। इस मौके पर मंदिर महंत पूर्णदास, एडवोकेट मदन मोहन शास्त्री, रोहित शर्मा, श्री जगन्नाथ मेला कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र तिवारी, सचिव हरिओम गुप्ता, उपाध्यक्ष कन्हैयालाल लखेरा, डॉ खेमसिंह आर्य, चिराग सैनी, गायत्री शर्मा, यादराम सैनी, मीनू, शीला खूटेंटा, गुड्डी गुप्ता आदि मौजूद रहे ।

## ऐतिहासिक धरोहर की सुरक्षा के लिए समिति कर रही है शानदार कार्य

बढ़ता राजस्थान

**अलवर** (रूपक शर्मा)। किशन कुंड पर्यावरण विकास समिति द्वारा पिछले दो सप्ताह से किशन कुंड में सफाई अभियान एवं मुख्यत: रिसाव को रोकने का कार्य जोर-शोर से इंजीनियर राजदीप शर्मा के दिशा निर्देश अनुसार गतिशील है। जिसमें समिति के स्वयंसेवक विशन कालरा, राजू सैनी, भूपेश पवार, राजेश गुप्ता ,मनीष खंडेलवाल ,नरेश ,रमेश ,पुष्पेंद्र, मनोज कथूरिया, प्रवेश जैन ,बिट्टू, नारायण कुंज, बिहारी सोनी, हेमंत कुमार दिनेश शर्मा, राकेश, तरुण जैन, संजय घीया आदि अपना पूर्ण सहयोग दे रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि किशन कुंड में पानी एवं जमी हुई दलदल के कारण जल्दी से मिस्त्री व बेलदार कार्य करने को तैयार नहीं होते और मौके पर आकर वापस चले जाते हैं, बिना कार्य किए हुए। इसी बात को देखते हुए इस कार्य में पैडा लगाना एक दुर्लभ कार्य है । जिसमें दुर्घटना की संभावना बनी रहती है आखिरकार इंजीनियरिंग राजदीप शर्मा ने कुंड के अंदर पैडा लगाने का काम स्वयं अपने हाथों में लिया और समिति के सदस्यों के साथ मिलकर प्रतिदिन मरम्मत कर जीर्णोद्धार किया जा रहा है । पैड़े पर बैठकर पुराने बगर प्लास्टर को हटाकर नए सीमेंट और बजरी का प्लास्टर कराया जा रहा है जिससे किशन कुंड जैसी धरोहर को बचाया जा सके।



## अपर लोक अभियोजक तिवाडी की दमदार पैरवी ने अभियुक्तों को पहुँचाया उनके सही ठिकाने पर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर** (का.स.)। बुधवार को दो गंभीर मामलों में सरकार की ओर से शानदार पैरवी करते हुए अपर लोग अभियोजक नवनीत तिवारी ने दोनों मामलों में तीनों अभियुक्तों को सजा दिलाई है। एक मामला सुरजीत उर्फ मिंटू व उसका साथी उमरदीन खा है जिन्होंने सन् 2012 में सदर थाना क्षेत्र में युवक विक्रम को जंगल में ले जाकर उसकी नृशंस हत्या कर दी थी इस मामले में तथ्य और साक्ष्य प्रस्तुत करने पर सरकार की ओर से दमदार पैरवी करने के बाद आज कोर्ट ने दोनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास और 20000 अर्थदण्ड से दंडित किया है। मृतक के पिता नाथू सिंह को 13 साल बाद ही सही पर न्याय दिलाया है। वहीं दूसरा मामला भी 2012 का है जहां जुनैद खान ट्रक चालक द्वारा ट्रक में 25 गोवंशों को बेरहमी से गोकशी के लिए भरकर ले जाया जा रहा था मामले में दमदारी से सरकार की ओर से पैरवी करते हुए अभियुक्त जुनैद को गोवंश निर्मम हत्या व गोकशी मामले में जुनैद को 5 वर्ष कठोर कारावास और 5000 अर्थ दंड से दंडित करवाया है ।



## स्व. पायलट साहब हम सबके प्रेरणा श्रोत और किसान मजदूर के मसीहा:रावत

### देश में किसान मजदूर और गरीब लोगों की आवाज बनकर उभरे थे पायलट साहब

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर** (धीरज मौर्य)। राजस्थान की गहलोत सरकार में केबिनेट मंत्री रही शकुंतला रावत ने बुधवार को दौसा जिले के भण्डाना में पहुँच कर पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व.राजेश पायलट को प्रेरणा दिवस पर श्रद्धांजलि दी। रावत ने कहा कि स्व.राजेश पायलट साहब हमारे प्रेरणा स्रोत थे और किसान मजदूर एवं गरीब तबके के मसीहा थे। उन्होंने अपने जीवन में काफ़ी संघर्ष कर किसान, मजदूर और गरीबों की लड़ाई लड़ी और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया। वे जाति से गुर्जर होते हुए भी कभी जातिवाद नहीं किया, उन्होंने गुर्जर समाज का मार्गदर्शन



कर सभी समाजों को साथ लेकर चलने का सन्देश दिया। रावत ने कहा कि स्व. पायलट साहब सर्वसमाज के उत्थान की बात करते थे। भारत से गरीबी की जड़ें जड़ से ख़त्म करना चाहते थे। लेकिन यह भगवान को मंजूर नहीं था 25वर्ष पूर्व स्व. पायलट साहब हमारे बीच से चल बसे और भगवान को प्यारे हो गए। उनके चले जाने से हमारे बीच एक ऐसे जननायक की कमी खल रही है जो स्व.पायलट साहब के पद चिन्हों पर चलकर हमारे बीच खल रही उनकी कमी को पूरा कर सके। मैं हृदय से अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि देती हूँ, भगवान उनको हमारे बीच पुन: भेजे जिससे उनके अधूरे रहे सपनों को साकार होता देख सकें। इस अवसर पर राजस्थान के प्रभारी सुखविन्द्रसिंह रंधावा,कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट,पूर्व मंत्री ममता भूपेश,मुण्डावर विधायक ललित यादव,सांसद उम्मीदवार रहे अनील चौपड़ा, बानसूर के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर, पूर्व पार्षद डॉ नरेश सैन, रोशन लाल सैनी,सचिन गुर्जर, मुकेश सैनी,सहित सभी सांसद, विधायक व कांग्रेस कार्यकर्त्ता और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विधानसभा क्षेत्र के लिए बिजली आपूर्ति निश्चित हो:शेखावत

### नारायणपुर व बानसूर उपखण्ड क्षेत्र में निर्माणाधीन सब स्टेशनों का कार्य जल्दी हो पूरा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर** (धीरज मौर्य)। विधानसभा क्षेत्र से विधायक देवीसिंह शेखावत ने बुधवार को जयपुर डिस्कॉम चेयरमैन आरती डोगरा से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर विधायक देवीसिंह शेखावत ने डोगरा से मिलकर बानसूर और नारायणपुर ज्ञानपुरा में निर्माणाधीन सब स्टेशनों की प्रगति रिपोर्ट के बारे में चर्चा की। उन्होंने डोगरा को अवगत कराया कि क्षेत्र में बिजली की कटौती भारी समस्या बनी हुई है। जिसके यथाशीघ्र समाधान के प्रयास होने चाहिए। शेखावत ने अवगत कराया कि जीएसएस स्तर के सब स्टेशनों पर समीक्षा करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं को यथाशीघ्र समय पर पूरा किया जाए जिससे आमजन को बिजली आपूर्ति का समुचित लाभ मिल सके।

## वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान

**तिजारा (नि.स.)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एवं महाविधालय स्तर के विधार्थियों की जिला स्तरीय ओनलाइन निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता राजस्थान गौसेवा समिति द्वारा आयोजित की गई। प्रतियोगिता के आयोजक देशपाल यादव ने बताया कि माध्यमिक वर्ग में निबंध में 219, चित्रकला में 197, उच्च माध्यमिक वर्ग में निबंध में 269, चित्रकला में 273 एवं महाविद्यालय वर्ग में निबंध में 119, चित्रकला में 87 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता आयोजक देशपाल यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता जल संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह आने वाली पीढ़ी को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करने, ज्ञान प्रदान करने और प्रेरित करने में मदद करती है।

## आधार नामांकन ऑन बोर्डिंग हेतु पात्रता सूची जारी, 17 तक दर्ज करवा सकते हैं आपत्तियां

बढ़ता राजस्थान

**तिजारा (नि.स.)।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, खैरथल-तिजारा द्वारा आधार नामांकन ऑन बोर्डिंग के लिए पूर्व में जारी विज्ञप्ति के तहत प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की जांच के बाद पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जिला आधार ऑपरेटर चयन समिति द्वारा तैयार कर दी गई है। यह सूची जिला पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट https://khairthaltijara.rajasthan.gov.in/home/dptHome पर अपलोड कर दी गई है।सदस्य सचिव, जिला आधार चयन समिति एवं उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने बताया कि सभी आवेदकों से अनुरोध किया गया है कि यदि सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति या त्रुटि हो, तो वे दिनांक 17 जून 2 तक संबंधित कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्यों सहित व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते ।

# तहसीलदार व थानाधिकारी का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**रैणी/अलवर** (राजकुमार गुप्ता) । कस्बे के कारोठ रोड़ पर स्थित एक निजी गार्डन में बुधवार को तहसीलदार वी पी सिंह नरूका व रैणी थानाधिकारी रामजीलाल मीना का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। गौरतलब है कि कस्बे के तबेला गेट स्थित व्यापारी नवीन सोखिंया का हाल ही अज्ञात बदमाश अपहरण कर ले गए थे। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस व तहसीलदार को दी। राजगढ़ व रैणी पुलिस व



तहसीलदार वी पी सिंह नरूका ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी करवाई। नाकाबंदी से डरकर बदमाश व्यापारी को भरतपुर के पास एक खेत में छोड़ भागे। व्यापारी के सही सलामत घर लौटने पर कस्बेवासियों की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार वी पी सिंह नरूका व रैणी थानाधिकारी रामजीलाल मीना, लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार डॉ खेमसिंह आर्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर रामरतन तांबी, प्रीति विजय, लोकेश रावत, दिनेश सैन, एडवोकेट जितेंद्र सैनी, उमेश मण्डावरा, नवीन सोखिंया, नीरज सोखिंया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## अनूप यादव युवा नर्सेज के प्रदेश संयोजक नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**अलवर** (का.स.)। राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र राना ने राज्य भर के सरकारी चिकित्सा केंद्रों में कार्यरत प्रोवेशनरी नर्सेज के प्रदेश व्यापी प्रकोष्ठ का गठन करते हुए ,एसएमएस चिकित्सालय के स्पेशलिटी ब्लॉक में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी अनूप यादव को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया हैद्य साथ ही सभी 7 संभाग के संभाग संयोजको की नियुक्ति करते हुए राज्य के सभी जिलों एवम तहसीलों में ह्ल्ह्ठ्ड्ढ्ढ के पदाधिकारियों के समन्वय से संगठन की सदस्यता चलाने तथा राज्य भर में जिला/ ब्लॉक स्तर तक युवा प्रोबेशनरी प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्तियां कर संगठन का विस्तार करने तथा प्रोवेशनरी नर्सेज की जायज समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक संगठनात्मक कार्यवाहियां करने के लिए अधिकृत किया गया है। उक्त नियुक्ति से राज्य भर के समस्त नियमित एवम अनियमित नर्सेज ने खुशी जाहिर की है।

## सिंघल और ओला बने मण्डल अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता की लहर

### जिलाध्यक्ष और विधायक सहित संगठन का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर** (धीरज मौर्य)। विधानसभा क्षेत्र के 5मण्डलों में से रामपुर भाजपा मण्डल और बानसूर भाजपा मण्डल के अध्यक्षों की घोषणा काफ़ी समय से अटकी पड़ी थी। जबकि नारायणपुर, हरसौरा तथा नीमचाणा मण्डल अध्यक्षों की पहले ही घोषणा हो चुकी थी। काफ़ी समय से कार्यकर्त्ताओं, संगठन के पदाधिकारीयों सहित विधायक देवीसिंह शेखावत और जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी के मंथन के बाद निष्कर्ष निकाला गया कि उक्त दोनों मण्डलों के लिए दोनों नाम उपयुक्त हैं जिसकी औपचारिक घोषणा मंगलवार को कर दी गई। बानसूर मण्डल से राकेश सिंघल जो अग्रवाल समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं तो रामपुर मण्डल से करण ओला जो जाट समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं।



मण्डल अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं तथा कार्यकारिणी गठन के निर्देश भी दिए गए हैं। दोनों मण्डल के अध्यक्षों की घोषणा होने के बाद कार्यकर्त्ताओं में ख़ुशी की लहर दौड़ गई है। कार्यकर्त्ताओं ने जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, विधायक देवीसिंह शेखावत सहित संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताया है।



**अभियान को गति देने के लिए फील्ड में जाएं अधिकारी- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री**

### गिव-अप अभियान में 21 लाख अपात्रों ने छोड़ी खाद्य सुरक्षा

# खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि सक्षम लोगों को खाद्य सब्सिडी छोड़ने हेतु प्रेरित करने के लिए गत वर्ष शुरू किए गए गिव-अप अभियान के तहत प्रदेश में अभी तक 21 लाख अपात्र लोगों ने खाद्य सब्सिडी छोड़ी है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा पोर्टल के पुनः प्रारंभ होने के बाद 37 लाख नए लाभार्थी जुड़े हैं। उन्होंने कोटा में अभियान को और गति देते हुए 31 अगस्त तक अपात्र लोगों के खाद्य सब्सिडी छोड़ने का आंकड़ा 6 प्रतिशत से अधिक तक ले जाने के निर्देश दिए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले में गिव अप अभियान के तहत अपात्रों द्वारा खाद्य सब्सिडी छोड़ने, खाद्य सुरक्षा पोर्टल के पुनः प्रारंभ होने के उपरांत नए लाभार्थियों के जोड़ने एवं खाद्य सुरक्षा सूची से जुड़ने हेतु लंबित आवेदनों की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपात्र लोग स्वैच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ें ताकि वंचित एवं पात्र लोगों को इस योजना से जोड़ा जा सके। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि बढ़ाई जाने से प्रदेश के करोड़ों खाद्य सब्सिडी धारकों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लगातार फील्ड विजिट कर गिव-अप अभियान को गति दें एवं




सक्षम लोगों को खाद्य सब्सिडी छोड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सक्षम लोग गिव-अप करेंगे तो पात्र एवं वंचित लोगों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ने में आसानी रहेगी। उन्होंने कहा कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। गोदारा ने कहा कि सक्षम लोगों द्वारा खाद्य सब्सिडी छोड़ने से बचे हुए अन्न का वंचित पात्रों को खाद्य सुरक्षा देने में इस्तेमाल किया जा सकेगा। श्री गोदारा ने कहा कि एनएफएसए से नाम हटवाने वाले संपन्न व्यक्ति मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना का लाभ भी नहीं ले सकेंगे। इससे राज्य सरकार को होने वाली बचत का भी उपयोग गरीब एवं वंचित वर्ग की भलाई के लिए किया जा सकेगा। उन्होंने कहा की स्वयं पहल कर खाद्य सब्सिडी नहीं छोड़ने वाले सक्षम लाभार्थियों के विरुद्ध 31 अगस्त के बाद आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने राशन वितरण में अनियमिता बरतने वाले राशन डीलरों के विरूद्ध भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने जिला कलक्टर एवं जिला रसद अधिकारियों को और अधिक सक्रिय होकर जिले में गिव-अप अभियान के तहत खाद्य सब्सिडी छोड़ने वालों की संख्या दुगुनी करने को कहा। उन्होंने प्रवर्तन अधिकारियों प्रवर्तन निरीक्षकों को 31 अगस्त तक अधिक से अधिक लोगों को खाद्य सब्सिडी छोड़ने के लिए प्रेरित करने का टारगेट दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ इस कार्य में जुटें ताकि अपात्र लोगों को हटाकर अधिक से अधिक से पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा का लाभ दिया सके। गोदारा ने कहा कि कई बार समावेशन दस्तावेज पूरे नहीं होने के कारण पात्र लाभार्थी द्वारा खाद्य सुरक्षा सूची से जोड़ने हेतु दिया गया आवेदन लौटा दिया जाता है। विभिन्न क्षेत्रों में आवेदक को फॉर्म लौटने की सूचना प्राप्त नहीं होने पर आवेदन लंबे समय तक लंबित रहता है। उन्होंने कहा कि सभी जिला रसद अधिकारी एवं प्रवर्तन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिस दस्तावेज की कमी के कारण आवेदन लौटाया गया है उसकी पूरी जानकारी जल्द से जल्द आवेदक को मिले ताकि वह दस्तावेज की पूर्ति कर खाद्य सुरक्षा का लाभ ले सके। बैठक में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु वर्ग के लोगों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ने के लिए उनका सर्वे करवाकर उन्हें घुमंतु वर्ग का प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाया जाए ताकि उसके आधार पर उन्हें अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना में जुड़वाने में आसानी रहे। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने अपील की कि संपन्न व्यक्तियों का कर्तव्य है कि वे गरीब एवं वंचितों के हक में खाद्य सब्सिडी छोड़ें। बैठक में पीपल्दा विधायक चेतन पटेल, भाजपा देहात अध्यक्ष श्री प्रेम गोचर, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, सांगोद प्रधान जयवीर सिंह, लाडपुरा प्रधान हेमन्त यादव, जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पूनम सागर, डीएसओ शहर कार्तिकेय मीणा, डीएसओ ग्रामीण कुशाल बिलाला, उपखंड अधिकारियों सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



## कस्बे में चोरो का आतंक, एसबीआई बैंक, स्कूल को बनाया निशाना

### लगातार हो रही चोरिया से आमजन में पैदा हुआ डर

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** कस्बे में चोरी की वारदात थम नहीं पा रही है। पुरानी चोरी का खुलासा नहीं हो पाता उससे पहले चोर दूसरी वारदात को अंजाम दे देते है। ऐसे में इन दिनों पुलिस की कार्य शैली पर भी सवाल उठने लग गये है। स्मैक,सट्टा,अवैध शराब,गांजा सहित अन्य गतिविधिया पर कोई अंकुश नहीं है। बुधवार को कस्बे के गढ़चैक परिसर में स्थित एसबीआई बैंक की छत पर इर्न्वेटर की 18 बैट्रिया चोरी किया जाने का मामला सामने आया है। शाखा प्रबंधक गुलाबराम मीणा ने बताया कि बैंक कार्यालय के ऊपरी छत पर इर्न्वेटर संचालित के लिए 28 बेट्रिया का सेट रखा हुआ था। हर रोज की भांती बैंक का कार्य जारी था। एकाएक लाईट जाने के बाद ईन्वेटर चालू नहीं हो पाया तो बैंक के गार्ड सहित स्टॉफ ने जाकर देखा तो पाया कि ईन्वेटरर्स के बॉक्स में 18 बैट्रिया गायब थी। जिसकी कीमत करीब एक लाख 70 हजार 58 रूपये है। बैंक कार्मिको ने आस पास तलाश किया। इसके बाद पुलिस थाने में सुचना दी गई। सुचना पर पुलिस थाने से एएसआई रमेंश सहित पुलिस कार्मिक मौके पर पहुँचे उन्होने चोरी की वारदात का जायजा लिया। आस पास के लोगो से जानकारी ली गई। कुछ लोगो ने बताया कि बैट्री चोर स्मैकची है। जो कई बार पालिका के पुराने भवन में पाया जाता है। लोगो की सुचना पर पुलिस ने पालिका के पुराने भवन में भी जाकर देखा लेकिन पुलिस को कोई महत्वपूर्ण सुराग हाथ नहीं लगे। मामले की जानकारी थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा से लेने पर बताया कि शाखा प्रबंधक की ओर से प्राप्त रिर्पोट पर अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज करके अनुसंधान शुरू कर दिया है। आठ दिनों में बालिका सीनियर सैकण्ड्री स्कूल में फिर हुई चोरी-गढ़चैक परिसर में एसबीआई बैंक के पिछे बालिका सीनियर सैकण्ड्री स्कूल स्थित है। यहां पोषाहार कक्ष में 2 जून को चोरी की वारदात हुई थी। चैकीदार ने स्कूल में हुई चोरी की रिर्पोट पुलिस थाने में दी गई थी। पुलिस चोरी प्रकरण की जॉच शुरू कर पाती उससे पूर्व 10 जून को अज्ञात चोरो ने फिर चोरी की वारदात को अंजाम देकर पोषाहर के लिए रखी सामग्री सहित पूरे बर्तनो को चोरी करके ले गये। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ चोरी प्रकरण में मामला दर्ज करके जॉच शुरू कर दी है।

## त्रिमूर्ति चौराहा पर फल विक्रेता व सब्जी विक्रेता द्वारा लगाए गए अतिक्रमण को हटाया

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा /ग्रामीण( के एम कुरेशी )।** शाहपुरा में आयुक्त द्बड्ढ नगर परिषद रिंकल गुप्ता व सभापति रघुनंदन सोनी के निर्देशानुसार परिषद क्षेत्र के त्रिमूर्ति चौराह व बस स्टैंड एवं सब्जीमंडी पर हाथ ठेलों व स्थानीय दुकानदारों द्वारा सामग्री सड़क पर रख देते हैं जिससे आम जनता को आने-जाने व दुर्घटना होने की समस्या बनी रहती है, जिसे हेतु परिषद के जमादार विकास घुसर, सत्येंद्र, कालू लाल ,गंगासागर के नेतृत्व में अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया एवं मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया जिससे आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो साथ ही दुकानदारों व व्यापारियों से अपील की गई की आगे से अपनी सामग्री को मार्ग पर ना रखें । जिससे आम जनता को परेशानी ना हो साथ ही कचरे को कचरा पात्र में ही डालें।

## अजमेर के केकड़ी जिला अस्पताल में दो मरीजों के साइनस ऑपरेशन सफल और एक बालक की हुई रिवीजन सर्जरी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के केकड़ी जिला अस्पताल ने 11 जून को राजकीय जिला चिकित्सालय में बुधवार को ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रामावतार साहू द्वारा दो मरीजों के साइनस के ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए। पीएमओ डॉ. नवीन जांगिड़ के निर्देशन में हुए इन ऑपरेशनों में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. रोहित पारीक और डॉ. विवेक मावलिया का सहयोग रहा। पहले मामले में अजगरा निवासी 6 वर्षीय शिवप्रताप का 8 महीने पहले अजमेर में साइनस का ऑपरेशन हुआ था, लेकिन नाक में मांस फिर से बढ़ जाने की समस्या बनी रही। बुधवार को जिला अस्पताल में उसका रिवीजन फेस सर्जरी कर समस्या का समाधान किया गया। इस दौरान दूसरे केस में जूनिया निवासी रेणु देवी नामा लंबे समय से सिरदर्द से परेशान थीं। कई जगह इलाज के बावजूद राहत नहीं मिली। 15 दिन पहले उन्होंने डॉ. साहू से परामर्श लिया, जांच में नाक की हड्डी बढ़ी हुई पाई गई तथा साइनस में मवाद था। डॉक्टर ने ऑपरेशन की सलाह दी और बुधवार को यह भी सफलतापूर्वक किया गया। पीएमओ डॉ. नवीन जांगिड़ ने बताया कि कुछ दिन पहले देवली निवासी सुरेश साहू के कान की हड्डी पूरी तरह गल गई थी, जिससे मस्तिष्क में संक्रमण फैलने का खतरा था। डॉ. साहू द्वारा की गई 'मोडिफाइड रैडिकल मास्टोइडेक्टमी' सर्जरी से मरीज का स्वास्थ्य अब पूरी तरह स्वस्थ है।



## मंत्री सुमित गोदारा का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** राजस्थान सरकार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग व उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री सुमित गोदारा के कोटा आगमन पर, सर्किट हाउस कोटा में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी व जिलाध्यक्ष राकेश जैन के सानिध्य में भाजपा कोटा शहर द्वारा पार्टी दुपट्टा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा ने जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर कोटा शहर में उनके विभाग से संबंधित विषय पर चर्चा की। जिस पर जनप्रतिनिधियों ने विभाग से संबंधित आमजन समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष संजय समीर सैनी, मनोज गोस्वामी, चन्द्र प्रकाश महावर, मण्डल प्रतिनिधि सोनिया सिंह राठौड, महेन्द्र गर्ग, पार्षद राकेश पुटरा, राजेन्द्र खींचीं, बबिता कोणार्क, मुकेश अरविंद, मुकेश चावला, प्रियंका गौतम, वेद प्रकाश, पंकज सोनी सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री महोदय को पार्टी दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

## जैन मुनि आदित्य सागर महाराज ने किया मंगल प्रवेश

**जैन समाज के महिला पुरूषो ने किया भव्य स्वागत व सम्मान**

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** कस्बे में बुधवार प्रातः सात बजे जैन मुनि आदित्य सागर महाराज का मंगल प्रवेश हुआ। इस दौरान दिगम्बर जैन समाज की महिला मंडल, पुरुषों ने गाजे-बाजे, जय घोष के साथ देईपोल कृष्णा मैरिज गार्डन पर भव्य आगवानी की गई। रास्ते में जैन परिवार द्वारा मुनि का पाद पक्षालन पुष्प वर्षा की गई। शहीद भगत सिंह सर्किल होते हुए जैन मुनि के साथ समाज के प्रबुद्वजन शांति वीर धर्मस्थल पर पहुँचे। जहां मुनी ने जिनालय के दर्शन किए। अग्रवाल बड़े मंदिर में धर्म सभा से पूर्व भगवान महावीर के चित्र पर दीप प्रज्वलित संघ के संघपति विकास सिटी भीलवाड़ा जयपुर ग्वालियर से आए भक्तों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। जैन मुनी का सम्मान कमल कुमार मारवाड़ा, विनोद बरमूडा, प्रमोद जैन ने किया। निंदा करना ही दुखी होना है- जैन मुनि आदित्य सागर ने धर्म सभा में बोलते हुए कहा कि आज का मनुष्य संसार में बहुत दुखी है। सच्चे गुरु सदैव ही भक्त को अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाते हैं गुरु की प्रशंसा करना अच्छा गुण है। गुरु की नंदा करना बुरा कर्म है।

## स्वर्गीय राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा /ग्रामीण( के एम कुरेशी )।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यकारी नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस कार्यालय पर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. पायलट को याद करते हुए कहा कि वे किसानों, गरीबों और मजदूरों की सच्ची आवाज थे। उनका जीवन जनसेवा और संघर्ष को समर्पित रहा। उन्होंने हमेशा जनमानस से सीधा जुड़ाव रखा। इस दौरान कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. पायलट के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष नमन ओझा, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेश्वर सोलंकी, मंडल अध्यक्ष हनुमान वैष्णव, नगर अध्यक्ष बालमुकुंद तोषनीवाल, सरपंच भगवत सिंह राणावत, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, अशोक भारद्वाज सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष जयंत जीनगर, पार्षद मुबारिक हुसैन, पीसीसी सदस्य संदीप सोनगरा, अविनाश शर्मा, इशाक खान, सौरभ सर्वा, भीम वैष्णव, अतुल त्रिपाठी, सुनील मिश्रा अजय मेहता, अमन पौंड्रिक, शाहरुख खान, मोडू सिंह, लियाकत अली, अर्जुन सिंह राणावत, बंटी कहार, प्रेम कहार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वर्गीय किसान नेता राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** बेगू के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री किसान नेता स्वर्गीय श्री राजेश जी पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर दोसा में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व बेगू विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी ने कहा कि उनकी सादगी, साहस और सीधा संवाद और आमजन के बीच उनका राम राम साद्वकरना आज भी स्मरणीय है। राजनीतिक क्षेत्र में उनका एक छोटे स्तर से उठकर राजनीति के शिखर को छूना सभी को प्रेरणा देता रहेगा।



## शिक्षा मंत्री ने ली के डी ए के अधिकारियों को बैठक, विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंज मंडी में विकास कार्यक्रम को लेकर कोटा विकास प्राधिकरण,कोटा तथा जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जलदाय विभाग के अधिकारियों से नए कोटा क्षेत्र में कम दबाव से से पेयजल आपूर्ति तथा आंवली रोझड़ी क्षेत्र में पाइपलाइन के जरिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर निर्देश दिए। कोटा विकास प्राधिकरण कोटा के अधिकारियों को क्षेत्र में टूटी हुई सड़कों को दुरुस्त करने, छूटी हुई जगह पर नवीन सड़क निर्माण करने तथा विधानसभा क्षेत्र के नव विकसित कॉलोनी में पार्कों की विकास को लेकर निर्देश दिए। मंत्री दिलावर ने कोटा विकास प्राधिकरण के सचिव कुशल कोठारी को कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में जो कार्य चल रहे हैं उनकी गति तेज की जाए तथा आवश्यकता के अनुसार नए विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार किए जाए। बैठक में कोटा विकास प्राधिकरण के सचिव श्री कुशाल कोठारी, ललित शर्मा, एईएन नीलम व्यास, जेईएन, प्रदीप असवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीष शर्मा, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता दीपक झा उपस्थित थे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## ताकलेश्वर शिव मंदिर में तोड़फोड़, भगवान शिव परिवार की एक मूर्ति तोड़े जाने पर लोगो मे आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी ( नि.स. )।** चेचट के खेड़ली गांव में स्थित ताकलेश्वर शिव मंदिर में बुधवार देर रात धार्मिक भावनाएं उद्वेलित करने की हरकत सामने आई है।किसी सिरफिरे ने चेचट के खेड़ली गांव में स्थित शिव मंदिर में मूर्तियां खंडित कर दी। मंदिर में एक शिव परिवार की एक मूर्ति पर तोड़फोड़ की गई। बुधवार सुबह जब श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए लिए मंदिर गए तो खंडित मूर्तियां देखकर भड़क गए। देखते ही देखते मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होने लगी। पुलिस को सूचना मिली तो अधिकारी तुरंत हरकत में आए और मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला।और लोगों से समझाइश करके मामले को शांत किया और मूर्तियां खंडित करने वाले बदमाश का शीघ्र पता लगाकर गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पुलिस की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने बड़ा दिल दिखाया। किसी भी तरह का हंगामा या उपद्रव करने के बजाय सिरफिरे के खिलाफ ग्रामीणों ने चेचट थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। आरोपी को गिरफ्तार करके दंडित करने की मांग की गई। आरोपियों की तलाश कर रहे चेचट थानाधिकारी राजेन्द्र मीणा ने बताया- खेड़ली गांव में मूर्ति खंडित की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया और मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जल्द ही आरोपियों की तलाश कर कार्रवाई करने की बात कही गई।



# आयुक्त बोले कि गडबड़ी मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई 2 करोड़ रुपए की एलईडी लाइट लगने के बाद भी वार्डों में अंधेरा, जेईएन और एईएन को नोटिस जारी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा पट्टा वितरण में लाभके लिए मनमानी करने और सरकारी वाहनों के डीजल में सेंधमारी करने के मामले उजागर होने के बाद अब शहर के 60 वार्डों का अंधेरा दूर करने के नाम पर सरकार को लगभग 2 करोड़ रुपए का चूना लगाने का मामला सामने आया है। जिसकी जांच में अब विभागीय अधिकारियों समेत संवेदक फर्म की गर्दन फंसती नजर आ रही है। जिनके खिलाफ स्वयं प्रभारी सचिव ने जिला कलेक्टर को कार्रवाई करने के निर्देश दिए है और 15 दिवस के अंदर कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट सौंपने को आदेशित किया है। नगर परिषद ने शहर के 60 वार्डों का अंधेरा खत्म करने के लिए साल 2023 में टेंडर निकालकर लगभग 2 करोड़ रुपए कीमत की एलईडी लाइट लगवाई थी। लेकिन करोड़ों रुपए की एलईडी लाइट लगने के बाद भी अधिकांश वार्डों का अंधेरा दूर नही हुआ। नगर परिषद की बीती आमसभा की बैठक में भी पार्षदों ने एलईडी लाइट में हुए भ्रष्टाचार के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए खुले मंच से सभापति खुशबू सिंह और आयुक्त अशोक शर्मा से मामले की शिकायत की थी। 4 जून को प्रभारी सचिव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई समीक्षा बैठक में एलईडी लाइट लगाने में बरती गई अवनमितता पर प्रभारी सचिव ने नाराजगी प्रकट करते हुए जिला कलेक्टर को प्रकरण गंभीरता से लेते हुए दोषी अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर 15 दिवस के अंदर प्रगति रिपोर्ट मांगी थी। जिला कलेक्टर ने पूरे मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट आयुक्त अशोक शर्मा से मांगी थी। जिसमें नपा के जेईएन और एईएन (विद्युत) की घोर लापरवाही उजागर हुई है। टेंडर के तहत माप पुस्तिका में एलईडी लाइट लगने की लोकेशन व जिओ टैगिंग फोटो की जानकारी दर्ज नही करना अधिकारियों को मंहगा पड़ सकता है। काम में घोर लापरवाही उजागर होने पर आयुक्त अशोक शर्मा ने अब अधिशाषी अभियंता राहुल मित्तल व कनिष्ठ अभियंता धमेंद्र को 15 दिवस के अंदर अंतरिम रिपोर्ट सौंपने का नोटिस दिया है। जिसके बाद से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। निकाय के 60 वार्डे में एलईडी लाइट लगाने में बरती गई घोर लापरवाही की पोल खोलने के लिए आयुक्त अशोक शर्मा ने शहर की प्रकाश व्यवस्था संभालने वाले अधिशाषी अभियंता राहुल मित्तल और कनिष्ठ अभियंता धमेंद्र को नोटिस दिया है। जिसमें वार्ड में लगाई गई एलईडी लाइट के जिओ टैगिंग वाली फोटो उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है। नोटिस देने के पीछे का सबसे बड़ा मुख्य कारण अधिकारियों द्वारा माप पुस्तिका में संवेदक फर्म के माध्यम से वार्डों में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लगाई गई एलईडी लाइटों का सत्यापन करना है। क्योंकि अधिकारियों ने अवनमितता पर परदा डालने के लिए माप पुस्तिका में एलईडी लगाए जाने का तो जिक्र किया, लेकिन एलईडी लाइट किस स्थान पर लगाई गई, ऐसा कोई रिकॉर्ड माप पुस्तिका में नही भरा गया है। जिससे एलईडी लाइट लगाने में किस स्तर का भ्रष्टाचार हुआ, इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है। जिसके कारण 60 वार्ड आज भी अंधेरे में डूबे है।

### इनका कहना

**नगर परिषद के 60 वार्डों का अंधेरा दूर करने के लिए लगभग 2 करोड़ की एलईडी लाईट लगवाई गई थी, लेकिन जेईएन और एईएन ने टेंडर की शर्तों को पूरा करने में अनमितता बरती। माप पुस्तिका में कही भी एलईडी लाईट के लगने के स्थान की लोकेशन को नही दर्शाया है। साथ ही जिओ टैगिंग के फोटो भी संलग्न नही किए गए। जेईएन व एईएन विद्युत का मेरी ओर से नोटिस दिया गया है। अनमितता पाएं जाने पर संबंधित अधिकारी व संवेदक फर्म के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।**

**अशोक शर्मा,**
**आयुक्त नगर परिषद धौलपुर**




# वंदे गंगा : विविध जल संरक्षण एवं चारागाह विकास कार्यों का मीडिया ने किया अवलोकन

बढ़ता राजस्थान


**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण और चारागाह विकास के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों का मीडिया ने अवलोकन किया। इस अवसर पर आमेट ब्लॉक के ग्राम भादला, ग्राम पंचायत जिलोला में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा विकसित चारागाह विकास कार्यों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान रिज टू वैली सिद्धांत पर आधारित विभिन्न संरचनाओं जैसे कंटूर ट्रेंच ,मेड पारंपरिक टैंक , पक्के चेकडैम, संकन पोंड, नाला गहरीकरण एवं फार्म पोंड जैसी जल संरक्षण संरचनाओं का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता एवं परियोजना प्रबंधक डब्ल्यूडीसी श्री अनिल सनाढ्य द्वारा विभागीय गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान (प्रथम व द्वितीय चरण) के अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा किए गए सारणिया एनीकट (ग्राम सारणिया खेड़ा, पंचायत ओलनाखेड़ा) के जीर्णोद्धार कार्य का भी निरीक्षण किया गया। सहायक अभियंता श्री भूपेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि पूर्व में यह एनीकट पूर्णतः क्षतिग्रस्त था और इसकी जलग्रहण क्षमता अत्यंत कम थी। अब जीर्णोद्धार के उपरांत यह एनीकट अपनी पूर्ण क्षमता से पानी को रोकने में सक्षम हो गया है, जिससे न केवल आसपास के कुओं और ट्यूबवेल्स को लाभ मिलेगा, बल्कि मवेशियों एवं वन्य जीवों के लिए भी जल उपलब्ध रहेगा। इस मीडिया भ्रमण कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, स्थानीय नागरिक और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सवाई माधोपुर से ब्लैक लिस्टेड फर्म ने झूठा शपथ पत्र किया प्रस्तुत, विभाग ने पास कर दिया टेंडर

### डीएम ने जांच में अनियमितता पर टेंडर निरस्त के सीएमएचओ को दिए आदेश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** जिले में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लीनिक) में आवश्यक पदों चिकित्सक, एएनएम, जीएनएम पर की जाने वाली भर्ती भष्ट्राचार की भेंट चढ़ने से बच गई। जिसे जिला कलेक्टर ने प्राप्त शिकायत की जांच कराने के बाद टेंडर निरस्त करने की संस्तुति की है। इस आदेश के बाद अधिकारियों और दागी फर्म के मंसूबों पर पानी फिर गया है। दरअसल सीएमएचओ विभाग की ओर से आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लीनिक) में मैन पावर लगाने के लिए टेंडर निकाले गए थे। जिसमें कई अनुभवी फ़र्मो ने आवेदन किया था। लेकिन विभागीय अधिकारी एक चहेती फर्म मैसर्स भारतीय ग्रामीण विकास संस्थान पर मेहरबान थे। जिसे सवाई माधोपुर जिले के सीएमएचओ अनियमितता पाए जाने पर पहले ही ब्लैक लिस्ट कर चुके थे। लेकिन उसी फर्म ने धौलपुर में झूठे शपथ पत्र प्रस्तुत कर अधिकारियों की मेहरबानी पर टेंडर प्राप्त करने में सफल हो गई थी। जिसे लेकर टेंडर में आवेदन करने वाली अन्य फर्म अपनी लिखित शिकायत देकर सीएमएचओ को अवगत कर चुकी थी। जिला कलेक्टर के द्वारा संपादित जांच में मामला संदिग्ध पाए जाने पर अब टेंडर को ही निरस्त कर दिया गया है। साथ ही



राजस्थान सरकार
कार्यालय जिला कलक्टर, धौलपुर

क्रमांकःजि0क0का0/2025-26/53 दिनांकः 10/06/2025

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
धौलपुर।

विषयः– NUHM योजनान्तर्गत शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लीनिक) हेतु वर्ष 2025–26 के लिए मानव संसाधन उपलब्ध कराने हेतु आमंत्रित निविदा को निरस्त करने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके द्वारा NUHM योजनान्तर्गत शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लीनिक) हेतु वर्ष 2025–26 के लिए मानव संसाधन उपलब्ध कराने हेतु जारी ई-निविदा संख्या 06/2024–25 दिनांक 18.03.2025 के क्रम में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उक्त बोली में भाग लेने वाली फर्मों/संस्थाओं द्वारा निविदा प्रक्रिया को नियमानुसार सम्पादित ना किये जाने संबंधी अपील/शिकायत प्रस्तुत की गई है।

प्राप्त अपील/शिकायतों के क्रम में प्रकरण का परीक्षण करवाये जाने उपरान्त प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि उक्त निविदा प्रक्रिया में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं नियम, 2013 में वर्णित प्रावधानों एवं वित्त विभाग द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देशों/परिपत्रों का उल्लंघन किया गया है। अतः उक्त निविदा प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए जारी कार्यादेश/अनुबंध को रद्द कर अनुपालना से इस कार्यालय को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें।

(सतीश बैरवा) R.A.S.
कोषाधिकारी
धौलपुर

(श्रीनिधि बी टी) I.A.S.
जिला कलक्टर
धौलपुर

क्रमांकःजि0क0का0/2025-26/ दिनांकः 10/06/2025
प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–
1. निजी सचिव, श्रीमान अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. श्रीमान मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, धौलपुर।
4. रक्षित पत्रावली।

जिला कलक्टर
धौलपुर

जिला कलेक्टर ने पूरे मामले को लेकर सीएमएचओ धौलपुर से रिपोर्ट तलब की है। जिसके बाद संभावना है कि फर्म, लेखाकार एवं उपापन कमेटी पर कार्रवाई हो सकती है।

# आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के जिला स्तरीय अधिवेशन 15 को, पदाधिकारियों ने सेंटरों पर बांटे पीले चावल

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** 15 जून को अग्रसेन सेवा सदन स्टेशन रोड धौलपुर में होने वाले आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के जिला स्तरीय अधिवेशन की तैयारी को लेकर जिला संघ की पदाधिकारियों की ओर से उपखंड एवं तहसील स्तर पर पीले चावल बांटकर अधिवेशन में आने का आह्वान किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के प्रदेश सहप्रभारी महेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि अधिवेशन में महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्य मंत्री डॉ मंजू बागमर मुख्य अतिथि रहेंगी तथा विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जिसकी तैयारी को लेकर मंगलवार को सैंपऊ परियोजना में संगठन की कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशा सहयोगिनी एवं ग्राम साथिन तथा मिड डे मील वर्करों को अधिवेशन में आने के लिए पीले चावल बांटे तथा अधिवेशन में आने का आह्वान किया। इसी प्रकार बसई नवाब में संगठन की उपाध्यक्ष लोरी देवी द्वारा सेंटरों पर पीले चावल देकर अधिवेशन में आने का आमंत्रण दिया गया। धौलपुर शहर में सहायिका कर्मचारी संघ की कोषाध्यक्ष मुस्कान द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशा सहयोगिनी ग्राम साथिन तथा मिड डे मील वर्करों को अधिवेशन में बुलाने का आह्वान किया। भारतीय मजदूर संघ की जिला अध्यक्ष सरिता बंसल ने बताया कि अधिवेशन की तैयारियों को लेकर बाड़ी, बसेड़ी सहित शहर के सेंटरों पर भी पदाधिकारी पहुंचकर उन्हें पीले चावल बांटकर अधिवेशन में पहुंचने का आह्वान करेंगी। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में कार्यकारिणी का चुनाव होगा।

# कांग्रेसियो ने किया स्वर्गीय राजेश पायलट को याद 25 वीं पुण्यतिथि को आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बुधवार को कांग्रेस पार्टी और राजेश पायलट किसान संगठन द्वारा कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की 25 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्वर्गीय पायलट की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर सभी कांग्रेसियो ने विनम्र शर्द्धांजलि दी और पुण्यतिथि को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीना उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की स्वर्गीय राजेश पायलट को याद कर मन भर आता है। राजेश पायलट सिर्फ एक नाम नहीं थे वो एक भरोसा थे,एक मुस्कान थे। हमने उन्हें एक नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक अपने जैसे इंसान के रूप में महसूस किया जो सत्ता में रहते हुए भी जनता से जुड़ा रहा,जो खेत-खलिहान, गाँव-ढाणी से संसद तक हर जगह एक जैसी सहजता से खड़े रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पार्षद राजकुमार भारद्वाज ने कहा की उनकी मुस्कान आज भी याद आती है। वो मुस्कान जो सच्चाई, आत्मविश्वास और अपनापन लिए होती थी। वो चले गए लेकिन हमें बहुत कुछ सिखा गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौलपुर से आये रोहित मिश्रा जटा संधू रहे। युवा जिला महासचिव आर्यन राय ने कहा की स्वर्गीय राजेश पायलट युवाओं की धड़कन थे। हमेशा युवा किसान मजदूर गरीब की सोचते थे।

# गौमती-उदयपुर फोरलेन पर 3 वाहन आपस में भिड़ें 2 ट्रेलर व ट्रक में लगी आग, 1 ड्राइवर जिंदा जला, कार को बचाने के प्रयास में हुआ हादसा



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में देलवाड़ा थाना सर्कल में अनन्ता हॉस्पिटल के पास दो कंटेनर, व ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई जिसके बाद तीनों वाहनों में आग लग गई। एक ड्राइवर की झुलसने से मौत हो गई। देखते ही देखते वाहनों में आग ने भीषण रूप ले लिया और एक तरफ का रास्ता जाम हो गया।जानकारी के अनुसार कार को बचाने के प्रयास में 2 कंटेनर व ट्रक की भिड़ंत हुई। हादसा राजसमंद की सीमा पर अनंता हॉस्पीटल के पास हुआ। फोरलेन पर दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारे लग गई। सूचना पर देलवाड़ा पुलिस मय जाब्ते के पहुंची और आग को बुझाने के लिए राजसमंद उदयपुर से फायर ब्रिगेड मंगवाई। दुर्घटना इतनी भीषण हुई कि ट्रक व कंटेनर के केबिन पूरी तरह से चकनाचूर हो गए।

# अन्नदान प्रकल्प के अंतर्गत 233 कट्टे अनाज भेजा अपना घर

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अपना घर आश्रम भरतपुर को प्रतिवर्ष की भांति जनसहयोग से अन्नदान एकत्रित कर भिजवाया गया है। भुसावर शाखा द्वारा अनुदान प्रकल्प के अंतर्गत 226 कट्टे गेहूं 7 कट्टे चावल सहित कल 233 कट्टे अनाज भेजा गया है स्थानीय समिति अध्यक्ष राजकुमार बंसल ने बताया कि पीड़ित मानवता की सेवा हेतु संचालित अपना घर आश्रम भरतपुर को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनसहयोग से एकत्रित अन्नदान को कृषि उपज मंडी से एक ट्रोले मैं भरकर भिजवाया गया।

# लोक परिवहन बस की टक्कर से बाइक सवार साधु की मौत

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर उपखंड क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 के बाछैन पुल के पास लोक परिवहन की बस द्वारा बाइक सवार साधु के टक्कर मारने से साधु की मौके पर ही मौत हो गई। खेड़ली मोड़ थाने के हेड कांस्टेबल भूरी सिंह मीणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 के बाछैन पुल के पास लोक परिवहन बस द्वारा बाइक सवार साधु को टक्कर मार दी जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार साधु की पहचान भुसावर तहसील के जहांनपुर गांव निवासी सुग्रीव दास (58) के रूप में हुई है शव को भुसावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया गया है जहां परिजनों के पहुंचने पर पोस्टमार्टम करवा कर उनके सपोर्ट किया जाएगा।

# सुरक्षा सैनिक भर्ती शिविर आज व कल

### बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा मौका, शारीरिक मापदंड के अनुसार होगा चयन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिला रोजगार कार्यालय एवं भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली द्वारा ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेरोजगार युवाओं की सुरक्षा सैनिक व सुरक्षा सुपरवाइजर व सुरक्षा आधिकारी की भर्ती चयन परीक्षा आयोजन किया जा रहा है। उपनिदेषक रोजगार विभाग ने बताया कि बुधवार को तहसील सेवर व डीग के अभ्यर्थियों के लिए जिला रोजगार कार्यालय भरतपुर में भर्ती परीक्षा का अयोजन किया गया। 95 युवाओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि शारीरिक मापदंड के आधार पर 35 युवाओं का चयन किया। जिले के अभ्यर्थियों का 12 जून गुरूवार को भरतपुर व राजस्थान के युवाओं के लिए 13 जून शुक्रवार को भरतपुर व समस्त राजस्थान के युवाओं के लिए जिला रोजगार कार्यालय भरतपुर में भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी भर्ती शिविर स्थल जिला रोजगार कार्यालय भरतपुर में प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक शिविर में पहुंचकर भर्ती प्रक्रिया में अन्य जिले के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

# वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत सावा में आयोजित हुई रात्रि चौपाल

**चित्तौड़गढ़।** वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जारी कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार 10 जून 2025 को जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, पंचायत समिति चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में (एमजेएसए प्रथम चरण चयनित) ग्राम पंचायत सावा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल के दौरान मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान (एमजेएसए) के अंतर्गत संपादित कार्यों का अवलोकन, जल संकल्प शपथ कार्यक्रम, आईईसी प्रचार सामग्री वितरण, एवं जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। यह कार्यक्रम राजीव गांधी सेवा केंद्र, सावा पर संपन्न हुआ।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला परिषद राजसमन्द द्वारा जिले के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में श्री बृज मोहन बैरवा द्वारा बताया गया की धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में जिले में अन्त्योदय मिशन डाटा में चयनित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के 73 गांवों में 17 विभागो से संबंधित 25 गतिविधियों के लिए दिनांक 15 जून रविवार से 30 जून सोमवार तक संबंधित गांवो के ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। उक्त अभियान हेतु ब्लॉक स्तर पर उपखण्ड अधिकारी को नोडल (अभियान) प्रभारी एवं विकास अधिकारी को सहायक नोडल (अभियान) प्रभारी नियुक्त किया गया है। श्री बृज मोहन बैरवा ने यह भी बताया कि अभियान में 17 विभागों से सम्बधित 25 गतिविधियों के सम्मिलन से क्रियान्वयन हेतु पंचायतीराज विभाग के साथ ही पेयजल, विद्युत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग शिक्षा विभाग आयुष विभाग कौशल एवं आजीविका विकास विभाग कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पशुपालन एवं डेयरी विभाग आदि के नोडल अधिकारी भी विभागीय योजनाओं की प्रचार सामग्री के साथ विभागीय योजनाओं में कैम्प स्थल पर लाभान्वित करने के लिए उपस्थित रहेगें।

# मानव सहित समस्त जीव जगत का स्वास्थ्य मृदा स्वास्थ्य से जुड़ा है

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बुधवार 11 जून को रुपवास क्षेत्र के गांव खानुवां, मालोनी व नौहरदा में खरीफ पूर्व किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के नोडल अधिकारी व कृषि विज्ञान केन्द्र कुम्हेर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. नवाब सिंह ने बताया कि कृषि से सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारी व कृषि महाविद्यालय कुम्हेर के वैज्ञानिकों के सहयोग से किसानों को मानसून पूर्व खरीफ फसलों की नवीनतम उत्पादन तकनीक से अवगत कराया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय कुम्हेर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि मानव सहित समस्त जीव जगत का स्वास्थ्य मृदा स्वास्थ्य से जुडा है। मृदा में पोषक तत्व एवं जैविक कार्बन की निरन्तर हो रही कमी से जमीन बंजर हो रही है। उन्होंने बताया कि फसलों की पैदावार कम हो रही है तथा कम पोषक तत्व युक्त भोजन के कारण हमारे स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड रहा है। उन्होंने कहा कि किसान अपने खेत में कम्पोस्ट, गोबर की खाद अथवा हरी खाद देकर अपनी मृदा के स्वास्थ्य को सुधारें। उन्होंने किसानों की आमदनी बढाने के लिए आगामी वर्षा ऋतु में फलदार बगीचे लगाने व सब्जियों की खेती अपनाने की सलाह दी।

# कल्याण महाकुंभ की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा राष्ट्र भक्ति एवं धार्मिक व सांस्कृतिक समन्वय का पर्याय बनी

बढ़ता राजस्थान





**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध श्री शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ एवं मंदिर न्यास द्वारा आयोजित 20 वें विंशतितम कल्याण महाकुंभ के प्रथम दिवस ज्येष्ठ शुक्ला पूर्णिमा बुधवार को कल्याण नगरी में निकाली गई भव्य एवं विशाल शोभायात्रा व कलशोत्सव में श्रद्धा का ऐसा सैलाब उमड़ा कि देश-प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए हजारों कल्याण भक्त अपनी प्रकार के इस अनूठे आयोजन को अनुकरणीय व अप्रतीम निरूपित करने लगे। दशहरा मैदान स्थित ढ़ाबेश्वर महादेव मंदिर परिसर से सतरंगी फूलों से सजे धजे रथ पर ठाकुर जी के विराजमान होने के साथ ही कल्याण नगरी के राजाधिराज का नगर भ्रमण प्रारंभ हुआ। साथ ही शोभायात्रा में धार्मिक और राष्ट्रीय झाकियों ने सबका मनमोह लिया।

शोभायात्रा में अश्वारोही बटुक, वीर वीरांगनाओं के साथ ही लगभग एक हजार एक सौ कलश लिए माता-बहनों के साथ ही प्रभात फेरियों की भजनानंदी स्वर लहरियों से समूचा नगर गुंज उठा। वहीं 21 मालवी ढोल की थाप से पूरा नगर गुंजने लगा। इस बीच प्रभाफेरियों एवं बैंड की मधुर धुन से निकली स्वर लहरियों से समूचे नगर का माहौल भक्ति रस से सराबोर होकर शोभायात्रा में नए आयाम स्थापित करते हुए कल्याण नगरी को राममयी एवं कल्याणमयी बनाने में कोई कोर कसर नहीं रखी। पूरे मार्ग में ठाकुर जी के जयकारे के साथ श्रीराम का उद्घोष गुंजायमान रहा। शोभायात्रा में लगभग 51 अश्वों में से 11 अश्व अपनी नृत्य प्रतिभा से दर्शकों को रोमांचित कर रहे थे। वहीं सजे धजे ऊंट व ऊंट गाड़ियां भी थे। ब्रम्होस मिसाइल के साथ 25 भारतीय सेना के जवानो की टुकड़ी, शोभायात्रा का विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं शोभायात्रा में ऑपरेशन सिंदूर की झांकी ने राष्ट्र भक्ति का ऐसा जज्बा प्रकट किया मानो हर दर्शक युवाओं के जोश को देख कर रोमांचित हो रहा हो। सजी धजी बग्गी में श्री राम कथा वाचक परम् पूज्य दीदी माँ मंदाकिनी रामकिंकर रामायणम धाम आश्रम, अयोध्या से भी शामिल हुई।

### नगरवासियों ने पलक पावड़े बिछाकर की अगवानी

विंशति कल्याण महाकुंभ के प्रथम दिवस निकाली गई भव्य शोभायात्रा एवं कलशोत्सव के साथ ही कल्याण नगरी के हर गली मोहल्ले में हजारों की भीड़ ने अपार जन गंगा को प्रवाहित होने का विहंगम दृश्य देखते ही बनता था, वहीं नगरवासियों ने भी शोभायात्रा के साथ-साथ नगर भ्रमण को निकले कल्याण नगरी के राजाधिराज ठाकुर श्री कल्लाजी के रथ की पूजा अर्चना करते हुए पलक पावड़े बिछाकर पग-पग पर स्वागत अभिनन्दन करने का अनुकरणीय कार्य किया। दशहरा मैदान से शोभायात्रा के प्रस्थान के बाद कासोद दरवाजा, जावद दरवाजा होते हुए जब स्टेशन मार्ग पर पहुंचे, तो जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, अशोक जाट, देवकरण समदानी, प्रदीप मोदी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर सहित कई भाजपा पदाधिकारियों, नगरपरिषद के समीप आयुक्त एवं नगरपरिषद परिवार, छप्पनिया भैरव सेवा समिति, खाद्य एवं किराणा व्यापार संघ, अभाविप, बंशीलाल राईवाल, पारस आंजना, आशीष अग्रवाल, जसवंत आंजना, राजेश सांड, रोमी पोरवाल, दिग्वेन्द्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक, औद्योगिक, राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं जनमानस ने स्वागत अभिनन्दन कर अपने आराध्य के दर्शन से स्वयं को धन्य किया।

## सांसद ने किया बालाजी व्यायामशाला में टीन शेड का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** स्थानीय गांधीनगर सेक्टर 5 स्थित बागलेश्वर महादेव में संचालित श्री बालाजी कुश्ती एवं जुड़ो प्रशिक्षण संस्थान व्यायाम शाला में सांसद अनुशंसा पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड चंदेरिया द्वारा सीएसआर फंड से निर्मित टीन शेड का बुधवार 11 जून को सांसद सीपी जोशी द्वारा मोली बंधन खोलकर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर व्यायामशाला संस्थापक कमलेश गुर्जर ने आभार जताया तथा बताया कि यह व्यायामशाला पिछले 3 वर्षों से संचालित है। इसमें ऑल इंडिया कंम्पीटीशन में 7 बच्चां के राज्य स्तर पर कुल 6 मेडल प्राप्त करने सहित 30 बालक बालिकाओं द्वारा राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व किया गया। व्यायामशाला संरक्षक विष्णु शर्मा ने सांसद के समक्ष एक सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी। इस दौरान सांसद सीपी जोशी ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट क्लब के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि आने वाले योग दिवस पर पूरे विश्व भर में 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है जिसमें हर गली मोहल्ले में सभी को योग दिवस पर योग कर व इसकी महत्ता हर घर-परिवार तक पहुँचानी चाहिए। उन्होंने प्रतिदिन योग की उपयोगिता बताई। कार्यक्रम में व्यायामशाला अध्यक्ष कैलाश आगाल, कोषाध्यक्ष बसंतीलाल पंचोली, आरएसएस के भूपेन्द्र आचार्य, फिट क्लब संयोजक लोकेश त्रिपाठी, हर्षवर्धन सिंह रुद, पार्षद अविनाश शर्मा, छोटू माली, रविकांत राय, हनुमान शर्मा, शेखर शर्मा, परमजीत सिंह, मनोज पारीक, धीरज सुखवाल, चेतन गौड़, शुभम सुखवाल, संजय सुवालका, निलेश आंजना, प्रदीप गौड़, प्रशांत शर्मा, योगेश सारस्वत, मुकेश मेनारिया, दिनेश शर्मा, इंदिरा सुखवाल, संजू लड्ढा, भारती वैष्णव, जया कंवर, विजय मलकानी, अमर जैन, दिनेश चावला, विजय गांछा, रामनिवास गुर्जर, सहित वार्डवासी, खेल प्रेमी व फ़ीट इंडिया क्लब के सदस्य मौजूद थे।

## मोदी सरकार के 11 साल विकास विश्वास व बदवाल के प्रतिक : जोशी



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** आज पूरे देश मे विकास आविष्कार नवाचार की बात हो रही है और भारत चौथे बडी आर्थिक महाशक्ति के रूप मे उपभकर सामने आया है यह कहना था चितौडगढ सांसद व भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का। जोशी बुधवार दोपहर बूंदी के एक दिवसीय प्रवास के दौरान पत्रकारो से रूबरू होकर बोले। चितौडगढ सांसद व भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार के 11 सालो के देशहित के कामो को कागज पर नही समेटा जा सकता है। केन्द्र सरकार आमजन के सेवक के रूप मे काम कर रही है। जोशी के कहा कि इन 11 सालो मे देश की 27 करोड जनता को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम मोदी सरकार ने किया है। वही यह 11 साल विकास विश्वास व बदवाल के प्रतिक है। उन्होने सिंदूर को लेकर कहा की यह ऑपरेशन संकल्प साहस और बदलते भारत की पहचान बन गया है। वही मोदी है तो मुमकीन है का नारा आज जमीनी सच्चाई बन गया है। सांसद जोशी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने भष्ट्राचार पर प्रहार करते हुये खरीद प्रक्रिया के लिये जेम पोर्टल लांच किया है और इन 11 सालो मे देश की जनता को बेहतर परफोरमेंस देने का काम किया है। इस दौरान सांसद जोशी ने 11 सालो की मोदी सरकारी की उपलब्धियां भी बताई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, पूर्व कृषि मंत्री प्रभूलाल सैनी, केपाटन की पूर्व विधायक चन्द्रकान्ता मेघवाल, सभापति सरोज अग्रवाल, पंचायत समिति सदस्य आशा मीणा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कुंज बिहारी बील्या, सुरेश अग्रवाल, छीतरलाल राणा, जिला परिषद सदस्य शक्ति सिंह आसावत, पूर्व भाजपा प्रवक्ता संजय लाठी, शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी,पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत आदि मौजूद रहे।

## मोदी सरकार के 11 वर्ष : आम जनता लाभान्वित, देश आर्थिक रूप से हुआ मजबूत : मेहता



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** मोदी सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले संकल्प से सिद्धि अभियान को लेकर बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया । भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बुधवार को पैराडाइज मैरिज गार्डन में प्रबुद्धजन गोष्ठी एवं सरकार की योजनाओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रबुद्धजन गोष्ठी में मुख्य वक्ता टोंक के पूर्व विधायक अजीत मेहता, डॉ विजेंद्र सिंह एवं डॉ मनीषा शर्मा उपस्थित रहे । गोष्ठी का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ, प्रबुद्धजन गोष्ठी मे जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन गुप्ता, संयोजक सुरेश जैन सह संयोजक जमनालाल वैष्णव, दामोदर बिंदल,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने प्रस्तावना में मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल के बारे में बताते हुए मोदी के विभिन्न कार्यों एवं जनहित योजनाओं के बारे में बताया! उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन समाज को दिशा देते हैं उनकी टीम देश को आगे बढ़ाने में योगदान देती है, अब देश मजबूत हाथों में है प्रोफेशनल मीट से एक दूसरे के विचारों का आदान-प्रदान होता है। डॉ मनीषा शर्मा ने सशक्त महिला के बारे में मोदी की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण एवं सरकार की गुड गवर्नेंस सबका साथ सबका विश्वास मोदी की विशेष उपलब्धियां है, भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की चार नंबर की अर्थव्यवस्था बनी है। विजेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि मोदी ने भारत के वैभव का परचम पूरे विश्व में लहराया है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजीत सिंह मेहता ने कहा कि 2014 के पहले भारत घोटाले का, आतंकवाद का भारत था, अब भारत विकसित भारत है गरीबों के कल्याणकारी योजनाएं मोदी के राज में ही संभव हुई है, ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद का खात्मा किया, 2047 के भारत के विकाश रोड मैप अभी से बनाया यह कल्पना केवल मोदी राज में ही संभव है।

## ग्राम पंचायत तुर्कीयाखुर्द के प्रथम सरपंच डालू भील को ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

बढ़ता राजस्थान






**कपासन (नि.स.)।** क्षैत्र की ग्राम पंचायत तुर्कीयाखुर्द के प्रथम सरपंच डालू भील के निधन पर ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। जानकारी अनुसार पंचायत समिति कपासन क्षैत्र की ग्राम पंचायत तुर्कीयाखुर्द के पूर्व सरपंच डालू भील के निधन से क्षैत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गयी। उल्लेखनीय है कि पंचायत समिति कपासन क्षैत्र की ग्राम पंचायत तुर्कीयाखुर्द के गठन बाद सन् 1995 में सरपंच पद हेतु प्रथम चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमे तुर्कीयाखुर्द निवासी डालू भील विजय होने के साथ स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रथम सरपंच निर्वाचित हुवे ।जिसके बाद पूर्व सरपंच डालू भील उम्र करीब 85 वर्ष ने 8 जून 2025 को अंतिम सांस ली एवं दुनिया को अलविदा कहने के साथ ही क्षैत्र में शोक की लहर छा गयी। ग्राम पंचायत तुर्कीयाखुर्द के प्रथम सरपंच डालू भील के स्वर्गवास उपरांत स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम पंचायत तुर्कीयाखुर्द के प्रथम सरपंच डालू भील की तस्वीर पर पुष्प-माला सहित दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस श्रद्धांजलि सभा में तुर्कीयाखुर्द सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम राव, ग्राम विकास अधिकारी उर्मिला विजयवर्गीय, कनिष्ठ लिपिक लक्ष्मीलाल जाट, युवा सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर जाट तुर्कीयाकलां, किशन सुथार, वार्ड पंच रतन सालवी, गोवर्धन भील, दिनेश वैष्णव, परथू जाट आदि स्थानीय युवा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज चित्तौड़गढ़ प्रवास पर रहेंगे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन/चित्तौड़गढ़(नि.स.)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज 12 जून गुरुवार को एक दिवसीय चित्तौड़गढ़ प्रवास पर रहेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ रामचंद्र खटीक ने बताया कि यात्रा कार्यक्रमनुसार पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार अशोक गहलोत प्रात: 9.30 बजे उदयपुर से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर 11 बजे चित्तौड़गढ़ पहुंचेंगे। यहां स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे वाया निम्बाहेड़ा, छोटीसादड़ी से प्रतापगढ़ हेतु प्रस्थान करेंगे।

## चित्तौड़गढ़ व्यापार महासंघ संस्थान के प्रयास से चित्तौड़गढ़ में कृषि उपज मंडी में खरीद चालू

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** कृषि उपज मंडी चित्तौड़गढ़ के अनाज व्यापारियों द्वारा मंडी प्रांगण में कृषि जिंसों की खरीदी की गई। चित्तौड़गढ़ व्यापार महासंघ संस्थान के अथक प्रयासों के कारण आज कृषि मंडी में खरीदी का काम आरंभ हो चुका। यह जानकारी देते हुए व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुनील जागेटिया ने बताया कि पिछले काफी दिनों से कृषि मंडी चालू करने के लिए महासंघ प्रयासरत था। कुछ आवश्यकता और मूलभूत जरूरत को पूरा करने के लिए राज्य सरकार से मंडी के लिए डेढ़ करोड़ का बजट भी आया जिससे विशाल मंडी गेट बना इसके अंदर सुलभ कांप्लेक्स पानी की प्याऊ और किसान भाइयों के बैठने की व्यवस्था कृषि जिंसों को बेचने के लिए प्लेटफार्म को सुव्यवस्थित और मंडी के साफ-सफाई का कार्य किया गया। अभी भी वर्तमान में महत्वपूर्ण आवश्यकता शेड बनाना ष्ठक्क तैयार करना कैमरे लगवाने माल रखने के लिए गोदाम बनाना दुकान और गोदाम जो बने जो व्यापारियों को अलॉटमेंट करना है। आज सभी अनाज व्यापारी मंडी सचिव संतोष मोदी लोकेश तिवारीऔर व्यापार संघ के अथक प्रयासों से मंडी में कृषि जिंसों की खरीदी आरंभ हो गई । व्यापार महासंघ महासचिव राजकुमार बज ने बताया कि पिछले 5 दिनों पूर्व हुई मीटिंग में 11 जून 2025 बुधवार को मंडी आरंभ करने का दिन तय किया गया इसलिए आज कृषि जींस लेकर किसान मंडी प्रांगण पहुंचे और हमारे चित्तौड़गढ़ के अनाज व्यापारी पर मंडी प्रांगण पहुंच कर के कृषि जिंसों की नीलामी द्वारा खरीदी की गई। मंडी प्रांगण में खरीदी के लिए उपस्थित अनाज व्यापारी देवीलाल जैन पवन खटोड़ अनिल डांगी सुनील आगाल शिवजी डाड दीपक सोनी शिव हैड़ा आदि ने बोली के माध्यम से माल खरीदा। प्रतिदिन सुबह 10-से-12 बजे तक मंडी प्रांगण में कृषि जिंसों की खरीदी की जाएगी। उपस्थित महासंघ पदाधिकारी में व्यापार महासंघ के संरक्षक सुरेश जैन ओम प्रकाश लड्ढा विनोद मलकानी कोषाध्यक्ष सुनील कोठारी मुकेश जाट विजय सिंह मेहता अनिल मालू मोहम्मद रफीक नागोरी किसान भाइयों से मोहनलाल शंकर बरदा किशन मांगीलाल जी उपस्थित रहे।

## राजस्थान सरकार के मंत्री जोराराम कुमावत आज चित्तौड़गढ़ दौरे पर रहेंगे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन/चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** राजस्थान सरकार के गोपालन,पशुपालन,डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत आज 12 जून गुरुवार को चित्तौड़गढ़ जिले के दौरे पर रहेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर रामचंद्र खटीक ने बताया कि राजस्थान सरकार के मंत्री जोराराम कुमावत आज 12 जून गुरुवार प्रात: 9 बजे अजमेर से राजकीय वाहन द्वारा 11.30 बजे चित्तौड़गढ़ पहुंचकर प्रेस वार्ता करेंगे। कार्यक्रम अनुसार मंत्री जोराराम कुमावत जिला क्षैत्र में आयोजित जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं लम्पी टीकाकरण कार्यक्रमों का निरीक्षण करेंगे। इसके उपरांत मंत्री जोराराम कुमावत सांयकाल मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्णधाम श्री सांवलिया मंदिर मण्डपिया पहुंचकर दर्शन लाभ सहित श्री सांवलिया गौशाला संबंधित गतिविधियों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मंत्री जोराराम कुमावत सायंकाल चित्तौड़गढ़ में प्रबुद्धजन संगोष्ठी में भाग लेकर सुमेरपुर जिला पाली के लिए प्रस्थान कर जायेगे।

### खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र वंचितों को जोड़ने के लिए चलाएं जिला स्तरीय अभियान

## कोई भी पात्र खाद्य सुरक्षा से ना रहे वंचित : खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री




### खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा ने ली बूंदी जिले में विभागीय योजनाओं की प्रगति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र वंचित को जोड़ने के लिए जिला स्तरीय अभियान चलाएं। इस अभियान में उपखंड अधिकारियों, विकास अधिकारियों के साथ ग्राम स्तर पर ग्राम विकास अधिकारियों और पटवारी की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं। गोदारा ने यह निर्देश बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बूंदी जिले के खाद्य विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। खाद्य मंत्री ने बूंदी में गिव अप अभियान और नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में 35 हजार लोगों ने स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा से हटवाया है। विभाग द्वारा अपात्र लोगों को स्वेच्छा से एनएफएसए से अपना नाम हटवाने के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। परिणामस्वरूप अपात्र लाभार्थी स्वयं कार्यालय आकर और स्थानीय उचित मूल्य दुकानदार के माध्यम से खाद्य सुरक्षा का लाभ स्वेच्छा से छोड़ने के लिए आवेदन कर रहे हैं। इसी क्रम में विभाग ने स्वेच्छा से नाम छोड़ने वाले अपात्र लाभार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की भी सुविधा उपलब्ध करवाई है। उन्होंने कहा कि जिले में 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा का ऑनलाइन पोर्टल दोबारा शुरू होने के बाद बूंदी जिले में 61500 लोगों को एनएफएसए से जोड़ा जा चुका है। पात्रों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ने का प्रयास लगातार जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने गिव अप अभियान के तहत सभी जनप्रतिनिधियों की आह्वान किया की वे अपात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा का लाभ छोड़ने के लिए प्रेरित करें ताकि अंतिम श्रेणी में बैठे गरीब लोगों को इसका लाभ मिल सकें। इस दौरान खाद्य मंत्री ने जिला रसद अधिकारी और प्रवर्तन अधिकारी से तहसीलवार अभियान की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक पात्र वंचितों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि अब सभी उचित मूल्य दुकानदारों को उनकी कमीशन राशि का माहवार भुगतान किया जाएगा, जबकि पहले यह कई महीने तक लंबित रहता था। इसके लिए विभाग ने मई 2025 तक की कमीशन राशि और परिवहन राशि सभी जिला रसद अधिकारियों को स्थानांतरित कर दी है, जिनका इसी सप्ताह के अंतिम दिवस तक भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

"सच्चाई को स्वीकारना और सच्चाई के समर्थन में खड़ा रहना ही आपको भीड़ से अलग बनाता है।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## अजमेर में ऑफिस के बाहर से युवक का किडनैप:कार से उतरते ही ले गए बदमाश



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** अजमेर में बुधवार सुबह 26 साल के युवक का किडनैप हो गया। स्कॉर्पियो में आए दो बदमाश उसे गा?ी में पटककर ले गए। बदमाशों ने वारदात से पहले रेकी की। युवक के अपने ऑफिस पहुंचने से पहले ही बदमाश एक पेट्रोल पंप पर गा?ी लेकर ख? थे।युवक ने ऑफिस के बाहर अपनी कार ख?ी की। बदमाश पीछे से स्कॉर्पियो लेकर आए और किडनैप कर ले गए। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। इसमें बदमाशों की स्कॉर्पियो नजर आ रही है। युवक क्रेन ऑपरेटर था।सूचना मिलने पर आदर्श नगर थाना प्रभारी छोटेलाल मीणा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। मौके से युवक का जूता बरामद किया गया है। पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जिले में नाकाबंदी कर तलाश शुरू कर दी है।

**युवक का उसके ऑफिस के सामने से किडनैप**

सीओ ओमप्रकाश ने बताया- मांगलियावास निवासी लोकेश गोस्वामी (26) क्रेन ऑपरेटर है। उसका ऑफिस आदर्श नगर चरनाल पेट्रोल पंप के पास है। वह आज सुबह 6 बजे कार से काम पर गया था। उसने ऑफिस के सामने कार ख?ी की थी। कार से उतरते ही स्कॉर्पियो सवार बदमाश किडनैप कर ले गए। लोकेश की तलाश के लिए जिला स्पेशल टीम का गठन किया गया है।

**सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों की गाड़ी नजर आई**

पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में बदमाशों की स्कॉर्पियो गा?ी नजर आई है। युवक के आने से पहले ही बदमाश पेट्रोल पंप पर अपनी गा?ी में बैठे थे। युवक जैसे ही पंप के सामने से गुजरा, बदमाश उसके पीछे लग गए थे।

**पिता बोले- बेटे की किसी से दुश्मनी नहीं**

लोकेश के पिता लक्ष्मण गोस्वामी ने बताया- मैं सुबह काम पर गया हुआ था। पुलिस से बेटे के किडनैप की सूचना मिली। बेटा शादीशुदा है। उसके दो बेटे भी हैं। बेटे की किसी से दुश्मनी नहीं थी।

## सेना के हवलदार की पीट-पीटकर हत्या:ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले थे

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में सेना के हवलदार की पीट-पीटकर हत्या का मामला सामने आया है। हवलदार विक्रम सिंह (40) छुट्टी पर घर आए हुए थे। मंगलवार रात को वह ड्यूटी जॉइन करने के लिए जा रहे थे। घर से निकलने के बाद रास्ते में 2 युवकों ने उनका किडनैप कर लिया।दोनों युवक हवलदार को स्कॉर्पियो में डालकर अपने घर ले गए और बेरहमी से मारपीट की। इसके बाद हवलदार को गंभीर हालत में घर के बाहर पटक दिया। जवान को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामला सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के पलोता का बास गांव का है।थानाधिकारी ने बताया- मृतक के भाई विनोद कुमार ने रिपोर्ट दी है, जिसमें बताया- विक्रम सिंह पुत्र जगमाल सिंह निवासी पालोता का बास, 18 राज राइफल्स में हवलदार पद पर तैनात थे और वर्तमान में उनकी पोस्टिंग पंजाब के अबोहर में थी।भाई ने बताया- विक्रम सिंह 7 जून को छुट्टी पर गांव आए थे। 10 जून (मंगलवार रात) को वह ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले थे। रास्ते में स्कॉर्पियो सवार गांव के ही दो युवकों ने उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाया और खुद के घर ले जाकर बेरहमी से मारपीट की। रात करीब 9 बजे हमें घटना की जानकारी मिली तो हम मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने विक्रम सिंह को गंभीर हालत में घर से बाहर लाकर पटक दिया।थानाधिकारी हेमराज मीणा ने बताया- परिजनों की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और दो युवकों को डिटेन कर उनसे पूछताछ की जा रही है। हत्याकांड को लेकर आरोपियों की मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सबूत भी खंगाले जा रहे हैं।

# गहलोत बोले-पायलट और मैं कभी दूर नहीं थे, प्रेम-मोहब्बत हमेशा से है

### राजेश पायलट की पुण्यतिथि में पहुंचे, भीड में फंसे तो लेने पहुंचे सचिन

बढ़ता राजस्थान

**दौसा।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर आज (बुधवार) दौसा में सर्वधर्म प्रार्थना सभा हुई। दौसा के जीरोता-भंडाना स्थित स्मृति स्मारक पर कांग्रेस के कई दिग्गज नेता भी उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे।कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजेश पायलट और मेरा 18 साल तक साथ रहा। वे अचानक छो?कर चले गए, इसका आज भी कष्ट है। प्रार्थना सभा के बहाने सचिन पायलट और गहलोत के करीब आने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम कभी दूर नहीं थे। हमारे बीच प्रेम-मोहब्बत हमेशा से है।प्रार्थना सभा में राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित देश-प्रदेश के तमाम



नेता पहुंचे। प्रार्थना सभा में कांग्रेस के 66 में से 47 विधायक और सभी 8 सांसद मौजूद रहे।

**जूली बोले- पायलट साहब ने पिछड़ों-किसानों को राजनीति में लाने का काम किया**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- पायलट साहब ने हमेशा पिछ?ों और किसानों को राजनीति में लाने का काम किया। किसान व्यक्ति यहां से चलकर देश के केंद्रीय मंत्री के पद तक पहुंचा। उन्होंने पायलट के रूप में देश की सेवा की। उनकी कमी को कभी पूरी नहीं कर सकते। उन्हें देश और राजस्थान की जनता भुला नहीं सकती।

### पायलट बोले- विचारधारा से उठकर काम करते थे पिता

सचिन पायलट ने कहा- आज से 25 साल पहले राजेश पायलट साहब हमसे जुदा हुए थे। उनके राजनीतिक जीवन पर फख्र है।उन्होंने मेहनत से फौज की नौकरी की। देश सेवा में वायु सेना के ल?ाकू विमान उ?ाए। 1971 की ल?ाई में पाकिस्तान के दांत खट्टे किए। उन्होंने फौज और राजनीति में रहते हुए नए आयाम साबित किए। उन्होंने साबित किया कि ब? पदों पर रहकर भी आदमी अपना दामन साफ रख सकता है।पायलट ने कहा- वो सच्चाई, वो मेहनत, वो समर्पण और उनका हंसता हुआ चेहरा मुझे हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। 25 साल हो गए, लेकिन मुझे आज भी लगता है वो हमारे साथ हैं। उनका काम करने का तरीका हमें हमेशा प्रेरणा देगा। आने वाली पी?ी उनके जीवन से सबकलेगी। देश में जब भी किसान पी?ित होता था, गरीब हो, नौजवान हो, वे विचारधारा से ऊपर उठकर काम करते थे। उन्होंने देश को जो?ने का काम किया।

### गहलोत भीड में पीछे छूटे तो पायलट लेने पहुंचे

प्रार्थना सभा स्थल पर राजेश पायलट से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई। सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई नेता प्रार्थना सभा से उठकर प्रदर्शनी की ओर ब?। इस दौरान भी? उम? प?ी। सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच में भी? आ गई। सचिन पायलट ने देखा कि गहलोत पीछे रह गए। पायलट खुद रुक गए। वह पीछे आए और अशोक गहलोत को साथ लिया, तब आगे ब?।प्रार्थना सभा समाप्त होने के बाद सचिन पायलट अशोक गहलोत को राजेश पायलट के जीवन से जुड़ी प्रदर्शनी दिखाने ले गए।राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर दौसा में हुई सर्वधर्म सभा में सचिन पायलट के साथ कांग्रेस पार्टी के तमाम नेता मौजूद रहे।राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर हुई सर्वधर्म प्रार्थना सभा में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी शिरकत की।राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर हुई सर्वधर्म प्रार्थना सभा में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी शिरकत की।राजेश पायलट की पत्नी और पूर्व सांसद रमा पायलट भी श्रद्धांजलि सभा में पहुंचीं।कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर रंधावा भी राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर हुए कार्यक्रम में शामिल हुए।

### रणथम्भौर में बाघ के अटैक के बाद नई गाइडलाइन जारी-केंद्रीय वन मंत्री बोल

## देशभर के जंगलों में जानवर बढ़े; सरिस्का होगा प्लास्टिक फ्री

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** मोदी सरकार के 11 साल के कार्यक्रम में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।केंद्रीय वन मंत्री और अलवर सांसद भूपेंद्र यादव का कहना है कि देशभर के जंगलों में जानवरों की संख्या ब? रही है। इसे ध्यान में रखते हुए दक्षिण में एक सेंटर बनाया जा रहा है। इसका 19 और 20 जून को निरीक्षण करेंगे।5 जून को संकल्प लिया है कि दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और हरियाणा में अरावली ग्रीन वॉल बनाएंगे। इन राज्यों के 29 जिलों में नर्सरी बनाने वाले हैं। इस पर 17 जून को जोधपुर में चर्चा होगी। दिल्ली में मंत्रियों के स्तर पर 19 व 20 को एक ब?ा कार्यक्रम भी होगा।दरअसल, केंद्रीय मंत्री यादव बुधवार को अलवर में थे। उन्होंने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित %संकल्प से सिद्धी तक% कार्यक्रम में मीडिया से बात की।



### 2014 में यूपीए के मंत्री जेल जाते थे

यादव ने कहा- 9 जून को मोदी के कार्यकाल के 11 साल पूरे हो गए हैं। पीएम के नेतृत्व में पूरा देश आगे ब? रहा है। गवर्नेंस का कल्चर पूरी तरह से विकसित हुआ है। संकल्प से सिद्धी तक पहुंचा है। अब हम दुनिया की चौथी सबसे ब?ी अर्थव्यवस्था है। आर्थिक मसलों, इज ऑफ लिविंग, नवाचार, उद्योग क्षमता ब?ाकर पहले लक्ष्य को प्राप्त किया। 2014 में यूपीए के मंत्री जेल में जाने लगे थे। तब रोजाना घोटालों की भरमार होती थी। लगातार न्यायालयों की टिप्पणी आती थी। इन 11 सालों में कुशासन से सुशासन को देखा है।

### पहले 1 रुपया भेजते थे, तो 85 पैसा बीच में रुक जाता था

पहले प्रधानमंत्री स्वीकार करते थे कि 1 रुपया भेजते हैं तो 85 पैसा बीच में रुक जाता था। अब 100 प्रतिशत पैसा आमजन के खातों में पहुंचता है। सरकार ने भ्रष्टाचारी व्यवस्था को बदला है। मोदी की सरकार ने करो?ों को गरीबी से मुक्त किया। अलवर में ही दो दो मेडिकल कॉलेज व सुपर एक्सप्रेस वे बनाए गए हैं। डिफेंस का सामान एक्सपोर्ट भी करने लगे हैं। धारा 370 के विषय लंबित प? रहे। उसे सुलझाने का काम किया।

## सड़क हादसे में दूल्हे समेत 3 लोगों की मौत

### दुल्हन सहित 4 गंभीर घायल, मृतकों में दूल्हे की बहन भी शामिल

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** मृतक लीलाराम (दूल्हा), बसंती (दुल्हन) व दुल्हन के पास ख?ी मृतका मूली देवी। फोटो मंगलवार को शादी के दौरान का है। - छ्डुद्बठ्ठद्बद्म क्द्धड्डह्यद्मड्डह्

जैसलमेर। मृतक लीलाराम (दूल्हा), बसंती (दुल्हन) व दुल्हन के पास ख?ी मृतका मूली देवी। फोटो मंगलवार को शादी के दौरान का है।

जैसलमेर के बासनपीर गांव के पास मंगलवार रात हुए भीषण स?क हादसे में दूल्हे समेत 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं दुल्हन सहित 4 गंभीर घायल हो गए। सभी को 108 की मदद से जवाहिर हॉस्पिटल लाया गया, जहां से गंभीर घायलों को जोधपुर रेफर किया गया।हादसे की जानकारी मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे के कारणों की जांच के साथ टक्कर मारकर फरार होने वाली गा?ी की तलाश शुरू की। सभी लोग शादी करके दूल्हा-दुल्हन समेत कार में लौट रहे थे, उस दौरान अज्ञात गाड़ी की टक्कर से हादसा हुआ।



### पति-पत्नी घायल, बेटे की मौत

सदर थाना पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल जसवंत सिंह ने बताया कि पोकरण से कार से लौट रहे लोगों को मंगलवार रात करीब 12 बजे के बाद बासनपीर गांव के पास अज्ञात गा?ी ने भीषण टक्कर मारी और फरार हो गया। मृतकों में दूल्हा लीलाराम (45) पुत्र गुमानाराम ओड, दूल्हे की बहन मूली देवी (35) पत्नी बाबूराम ओड, हितेश (9 महीना) पुत्र अशोक कुमार ओड निवासी पोकरण शामिल है। वहीं हादसे में अशोक, हेमलता पत्नी अशोक, दुल्हन बसंती (40) व पुखराज गंभीर घायल हो गए। चारों घायलों को जोधपुर रेफर किया गया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# भाजपा बहुमत होने के बावजूद हारी, कांग्रेस समर्थित निर्दलीय जीता

### बीजेपी के 10 सदस्य फिर भी 5 से हारे, राजपुरोहित बने प्रधान; महामंत्री पार्टी से निष्कासित

बढ़ता राजस्थान

**बाडमेर।** भाजपा का स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद भी बालोतरा जिले के कल्याणपुर पंचायत समिति में प्रधान पद कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी श्रवण सिंह 5 वोटों से जीत गए।भाजपा के पास 1 तिहाई (15 में से 10) बहुमत था, लेकिन पार्टी से नाराज उप प्रधान ने ही निर्दलीय ताल



ठोक दी। कांग्रेस ने इस बगावत को समर्थन दिया और प्रधान पद पर निर्दलीय प्रत्याशी को उप चुनाव जितवा दिया।

**3. महामंत्री को पार्टी से निष्कासित किया**

मतगणना में श्रवण सिंह राजपुरोहित को 10 व मोहनसिंह राजपुरोहित को 5 वोट मिले। निर्दलीय प्रत्याशी को कांग्रेस के 4 पंचायत समिति सदस्यों का समर्थन मिला। इसके बाद बीजेपी ने कल्याणपुर मंडल के महामंत्री दौलाराम कुआं को पार्टी से निष्कासित कर दिया। बीजेपी ने हार के दूसरे दिन ही एक्शन लेते हुए कल्याणपुर मंडल के महामंत्री दौलाराम कुआं को पार्टी के खिलाफ चुनाव-प्रसार करने पर मंडल अध्यक्ष बाबूराम जाख? ने पार्टी से निष्कासित कर दिया। दौलाराम कुआं कलबी चौधरी समाज से आते हैं। वर्तमान में कल्याणपुर सरपंच हैं। लंबे समय से राजनीति में एक्टिव हैं।

प्रधान पद के लिए दिवंगत उम्मेदसिंह अराबा की पत्नी को प्रधान बनाने के लिए कुछ नेता पक्ष में थे। उनका मानना था कि पंचायती राज चुनाव में कम समय शेष रहा है, ऐसे में अराबा की पत्नी को ही प्रत्याशी बनाया जाए। जबकि अधिकांश सदस्य उप प्रधान श्रवणसिंह राजपुरोहित को प्रत्याशी बनाने के पक्ष में थे।ऐसे में कृष्णा कंवर के पक्ष मे समर्थन नहीं देखते हुए पार्टी ने मोहनसिंह राजपुरोहित को प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भरवाया। इस पर उप प्रधान श्रवणसिंह राजपुरोहित ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पर्चा भरा। इसे देखते हुए कांग्रेस के पास महज 4 सदस्य होने से उन्होंने अपना प्रत्याशी उतारने की बजाय निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन दिया।कल्याणपुर पंचायत समिति में पंचायत समिति सदस्य के 15 वार्ड है। पंचायती राज चुनाव में 15 में से 11 सदस्य भाजपा व 4 कांग्रेस पार्टी से निर्वाचित हुए थे।

### 1. प्रधान के निधन पर हुआ था उप चुनाव

बालोतरा जिले के कल्याणपुर पंचायत समिति में भाजपा नेता उम्मेद सिंह अराबा का 4 माह पहले निधन हो गया था। इसके बाद वार्ड संख्या 10 और प्रधान पद खाली था। सोमवार को वार्ड 10 के लिए पूर्व प्रधान उम्मेद सिंह अराबा की पत्नी कृष्णा कंवर को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया। कांग्रेस से मीना कुमारी प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरी। सोमवार को हुए मतदान में कृष्णा कंवर 1293 मत प्राप्त कर 14 वोट से विजयी रही।

### 2. भाजपा के निर्दलीय ने ताल ठोक दी

इसके बाद मंगलवार को प्रधान पद के लिए उप चुनाव होना था। इसमें भाजपा से उप प्रधान और पंचायत समिति सदस्य श्रवण सिंह ने भाजपा का चेहरा बनाए जाने की आस से एक निर्दलीय और एक भाजपा से पर्चा भर दिया दिया। वहीं एन वक्त पर भाजपा ने मोहन सिंह को प्रत्याशी बना दिया। इससे श्रवण सिंह का एक नामांकन पत्र खारिज हो गया। दूसरा निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा।

### भाजपा के गढ़ में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी जीता

उप चुनाव को लेकर सुबह 11 बजे तक तीन सदस्यों ने नामांकन दाखिल किया। 3 बजे मतदान शुरू हुआ। 5 मतों से निर्दलीय श्रवणसिंह राजपुरोहित विजेता बने। रिटर्निंग अधिकारी बालोतरा एसडीएम अशोक कुमार बिश्नोई ने श्रवणसिंह राजपुरोहित को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सदस्यता की शपथ दिलाई। इस दौरान कांग्रेस से पूर्व विधायक मदन प्रजापत, सिवाना प्रधान मुकनसिंह राजपुरोहित, कल्याणपुर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष वीरसिंह थोब, वरिष्ठ नेता बाबूलाल थोरी मौजूद रहे। श्रवणसिंह राजपुरोहित की जीत की घोषणा पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने साफा-माला पहनाकर स्वागत किया। दस साल में दो बार हुए चुनाव में भाजपा ने ही बाजी मारी। इस बार कांग्रेस ने बाजी मारी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार